गैरसैंण, मंगलवार
12 मार्च 2024
वर्षः 14
अंकः 298 पृष्ठः 8
मूल्यः 2.00
RNI No.UTTHIN/2005/16338

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार
www.dainikjayantnews.com
स्थापित 1979
संस्थापक : स्व. नरेन्द्र उनियाल
डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोन: 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

## देशभर में लागू हुआ सीएए, सरकार ने जारी की अधिसूचना, इन्हे मिलेगी नागरिकता

**नई दिल्ली , एजेंसी।** सरकार ने एक महत्वपूर्ण फैसला लेते हुए नागरिकता संशोधन अधिनियम 2019 को देश भर में लागू करने की सोमवार को घोषणा कर दी। केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने यहां एक्स पर एक पोस्ट में इस आशय की जानकारी दी। पोस्ट में लिखा गया है, "गृह मंत्रालय आज नागरिकता (संशोधन) अधिनियम, 2019 (सीएए–2019) के तहत नियमों को अधिसूचित करेगा। नागरिकता (संशोधन) नियम, 2024 कहे जाने वाले ये नियम सीएए–2019 के तहत पात्र व्यक्तियों को भारतीय नागरिकता प्रदान करने के लिए आवेदन करने में सक्षम बनाएंगे।"

इस अधिनियम के अनुसार तीन देशों – पाकिस्तान, बंगलादेश एवं अफगानिस्तान से आने वाले हिन्दू, सिख, जैन, पारसी, बौद्ध एवं ईसाई छह धर्मों को मानने वाले ऐसे




प्रवासियों को अवैध नहीं माना जाएगा जो वैध दस्तावेजों के साथ नहीं आये हैं। उन्हें भारत की नागरिकता का पात्र माना जाएगा और इसी उद्देश्य से भारत के विदेशी नागरिकों के पंजीकरण के प्रावधानों में कुछ बदलाव किये गये हैं। ऐसे लोगों के साथ अवैध प्रवासियों जैसा व्यवहार नहीं जाएगा। इस लाभ को हासिल करने के लिए उन्हें केंद्र सरकार द्वारा विदेशी अधिनियम 1946 और पासपोर्ट (भारत में प्रवेश) अधिनियम, 1920 से छूट दी जाएगी। उल्लेखनीय है कि 1920 के पासपोर्ट अधिनियम में विदेशियों के पास पासपोर्ट होने का निर्देश दिया गया है जबकि 1946 का विदेशी अधिनियम भारत में विदेशियों के प्रवेश और वापसी को विनियमित करता है।

अधिनियम के अनुसार नागरिकता प्राप्त करने पर ऐसे व्यक्तियों को भारत में उनके प्रवेश की तारीख से भारत का नागरिक माना जाएगा और उनके अवैध प्रवास के संबंध में उनके खिलाफ सभी कानूनी कार्यवाही बंद कर दी जाएगी। गृह मंत्रालय ने ये भी कहा है, "पात्र व्यक्ति आवेदन पूरी तरह से ऑनलाइन मोड में जमा कर सकेगें जिसके लिए एक वेब पोर्टल उपलब्ध कराया गया है।" उल्लेखनीय है कि भाजपा ने 2019 के चुनावी घोषणापत्र में नागरिकता संशोधन विधेयक लाने की घोषणा की थी।

### बीकेटीसी का एडवांस दल 15 अप्रैल तक जा सकता है केदारनाथ

**रुद्रप्रयाग(सं)।** आगामी 10 मई से शुरू होने वाली केदारनाथ धाम की यात्रा को लेकर बदरी–केदार मंदिर समिति का एडवांस दल 15 अप्रैल तक केदारनाथ धाम के लिए रवाना होगा। केदारनाथ पहुंचकर एडवांस दल यहां बिजली, पानी सहित कई मूलभूत सुविधाएं बहाल करेगा ताकि कपाट खुलने तक यहां किसी तरह की परेशानी न हो। हर साल की तरह केदारनाथ धाम की यात्रा शुरू होने से पहले विभिन्न विभागों के एडवांस दल केदारनाथ धाम पहुंचते हैं। ऐसे में इस बार भी 10 मई को भगवान केदारनाथ धाम के कपाट खोल दिए जाएंगे। इससे पहले यहां सुविधाएं बहाल की जाएंगी। इसी उद्देश्य से बदरी–केदार मंदिर समिति का एडवांस दल 15 अप्रैल तक केदारनाथ रवाना हो सकता है। बदरी–केदार मंदिर समिति के अध्यक्ष अजेंद्र अजय ने बताया कि केदारनाथ धाम के कपाट खुलने की तिथि घोषित होते ही देश–विदेश के यात्रियों में खुशी का माहौल है। देशभर में सनातन धर्म से जुड़े लोग बेसब्री से केदारनाथ धाम के कपाट खुलने की तिथि का इंतजार कर रहे थे। उन्होंने बताया कि केदारनाथ में बदरी–केदार मंदिर समिति अपनी व्यवस्थाओं की बहाली एवं विभिन्न तैयारियों के लिए अप्रैल माह में अग्रिम दल केदारनाथ भेजेगी जो सभी तैयारियां पूरी करेंगे। इधर, बदरी–केदार मंदिर समिति के मुख्य कार्याधिकारी योगेंद्र सिंह ने बताया कि बदरी–केदार मंदिर समिति का 20 सदस्यीय एडवांस दल 15 अप्रैल के करीब केदारनाथ रवाना होगा, जो केदारनाथ पहुंचकर बर्फ से हुई क्षति के साथ ही बिजली, पानी की आपूर्ति बहाल करेगा। साथ ही अन्य मूलभूत सुविधाएं तैयार करेगा। दल में विशेष रूप से इंजीनियर, बिजली, पानी के तकनीशियन सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहेंगे।

### अलकनंदा नदी का जलस्तर बढ़ने से वाहन सहित फंसे चालक

**श्रीनगर गढ़वाल(सं)।** श्रीनगर में बड़ा हादसा होने से बाल–बाल बच गया। दरअसल चौरास के रानीहाट जगह पर दो ट्रक चालक अपने वाहन धोने के लिए अलकनंदा नदी में उतरे थे। जिस समय वाहन चालक गाड़ी धोने नदी में उतरे, उस समय नदी का पानी कम था। अचानक नदी का जलस्तर बढ़ने से दोनों चालक वाहन सहित बीच नदी में फंस गये। आनन–फानन में स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने जेसीबी मशीन की मदद से दोनों वाहन चालकों को नदी से सकुशल रेस्क्यू किया। करीब एक घंटे तक रेस्क्यू कार्य चला। कोतवाल कीर्तिनगर देवराज शर्मा ने बताया कि दोनों वाहन और चालकों को रेस्क्यू कर बाहर निकाला गया। दोनों ट्रक चालक साफ–सफाई करने के लिए नदी किनारे गए थे, लेकिन अचानक नदी का जलस्तर बढ़ गया। जल विद्युत परियोजना से पानी छोड़े जाने से नदी का जलस्तर बढ़ गया और वाहन चालक नदी में फंस गए, जिन्हें सकुशल रेस्क्यू किया गया है।

### अंकिता को न्याय दिलाने को कल से निकालेंगे पदयात्रा

**श्रीनगर गढ़वाल(सं)।** अंकिता भंडारी को न्याय दिलाए जाने को लेकर श्रीनगर में चल रहा धरना अब पदयात्रा के रूप में तब्दील होगा। सोमवार को धरना स्थल पर संयुक्त पत्रकार वार्ता में अंकिता भंडारी की मां सोनी देवी ने यह जानकारी दी। सोमवार को आयोजित पत्रकार वार्ता में सोनी देवी ने कहा कि 13 मार्च को कोटद्वार में अपनी बेटी के न्याय के लिए पदयात्रा निकालेंगे। आरोप लगाया कि सरकार लगातार उनकी बेटी को न्याय देने के लिए ढ़िलाई बरत रही है।

### मैं छिंदवाड़ा किसी हालत में नहीं छोड़ूंगा, जबलपुर से चुनाव लड़ने की अटलकों पर बोले कमलनाथ

**छिंदवाड़ा, एजेंसी।** मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने आज कहा कि वे छिंदवाड़ा को किसी भी हालत में नहीं छोड़ेंगे। कांग्रेस नेता कमलनाथ ने यहां मीडिया के सवालों के जवाब में यह टिप्पणी की। श्री कमलनाथ के जबलपुर संसदीय क्षेत्र से चुनाव लड़ने संबंधी कथित खबरों के बारे में पूछे जाने पर कांग्रेस नेता ने कहा कि ऐसा कोई प्लान नहीं है। वे किसी भी हालत में छिंदवाड़ा को नहीं छोड़ेंगे।

पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश पचौरी के कांग्रेस छोड़कर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल होने संबंधी सवाल पर श्री कमलनाथ ने कहा कि यह उनकी मर्जी है। एक अन्य सवाल पर श्री कमलनाथ ने कहा कि सागर जिले के खुरई से पूर्व विधायक अरुणोदय चौबे ने तो पहले ही कांग्रेस से त्यागपत्र दे दिया था।छिंदवाड़ा संसदीय क्षेत्र से श्री कमलनाथ के पुत्र नकुलनाथ सांसद हैं। इसके पहले श्री कमलनाथ इस संसदीय क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते आ रहे थे। आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा ने राज्य की सभी 29 सीटे जीतने का लक्ष्य रखा है। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने छिंदवाड़ा को छोड़कर 28 सीटों पर विजय दर्ज करायी थी।

### हाईटेंशन तार की चपेट में आने से बस में लगी भीषण आग, पांच लोग जिंदा जले, कई झुलसे

**गाजीपुर, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के गाजीपुर में बड़ा हादसा पेश आया है। यहां एक यात्री 11 हजार वोल्ट के हाईटेंशन तार को छू गई जिसके चलते बस में आग लग गई। जिस समय यह हादसा पेश आया उस समय बस बारातियों से भड़ी पड़ी थी। बताया जा रहा है कि बस में कुल 38 बराती सवार थे। बस, मऊ के कोपा से बारात लेकर मरदह के महाहरधाम पर जा रही थी, और कच्चे रास्ते से आ रही थी। इस आग की चपेट में कई बाराती आ गए।बताया जा रहा है कि बस में आग लगने से अब तक 5 लोगों की मौत हो चुकी है जबकि मृतकों का आंकड़ा अभी और बढ़ सकता है।

## चुनावी बॉन्ड पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले से खुल जाएगी मोदी के 'चंदे के धंधे' की पोल : राहुल गांधी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे तथा पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने चुनावी बॉन्ड्स को लेकर मोदी सरकार को घेरते हुए सोमवार को कहा कि उच्चतम न्यायालय के ताजा फैसले से भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के जरिए चुनावी बॉन्ड के रूप में मिले चंदे पर लीपा पोती करने की उसकी कोशिश पर पानी फिर गया है और भाजपा सरकार के भ्रष्टाचार की असलियत जल्द ही जनता के सामने आ जाएगी। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि उच्चतम न्यायालय ने चुनावी बॉन्ड पर विवरण देने



के लिए समय मांगने वाली एसबीआई की याचिका खारिज कर उसे कड़ी फटकार लगाई और मंगलवार तक चुनावी बॉन्ड से मिले चंदे का पूरा विवरण देने का आदेश दिया है। न्यायालय के आदेश से भाजपा का भ्रष्टाचार सामने आ जाएगा खड़गे ने कहा, "इलेक्टोरल बॉन्ड प्रकाशित करने के लिए एसबीआई द्वारा साढ़े चार महीनें मांगने के बाद साफ़ हो गया था कि मोदी सरकार अपने काले कारनामों पर पर्दा डालने की हर संभव कोशिश कर रही है। आज के माननीय सुप्रीम कोर्ट के फ़ैसले से देश को जल्द इलेक्टोरल बॉन्ड से भाजपा के चंदा देने वालों की लिस्ट पता चलेगी। मोदी सरकार के भ्रष्टाचार, घपलों और लेन–देन की कलई खुलने की ये पहली सीढ़ी है।"

## मुख्यमंत्री ने सचिवालय में की सी.एम हेल्पलाईन 1905 की समीक्षा

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को सचिवालय में सी.एम हेल्पलाईन 1905 की समीक्षा बैठक ली। मुख्यमंत्री ने बैठक के दौरान विभिन्न शिकायतकर्ताओं से वार्ता कर उनकी समस्याएं सुनी एवं सीएम हेल्पलाईन के संबंध में फीडबैक लिया।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी अधिकारी सीएम हेल्पलाइन 1905 में आने वाली शिकायतों को शीर्ष प्राथमिकता से लें। साथ ही सीएम हेल्पलाइन 1905 को और अधिक प्रभावी बनाए जाने पर कार्य हो। उन्होंने कहा सीएम हेल्पलाइन का मकसद जनता को सहूलियत पहुंचाना है। शिकायत का समाधान न होने पर संबंधित विभाग व अधिकारी उसका अनवरत रूप से फॉलोअप करें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि दीर्घकालीन/ टेक्निकल समस्याओं को लंबित रखने की आदत छोड़, समस्याओं के शीघ्र समाधान पर कार्य करें। शासन व प्रशासन का एकमात्र मकसद जनता को संतुष्ट करना है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी अधिकारी प्रत्येक स्तर पर नियमित रुप से सीएम हेल्पलाइन 1905 के संबंध में बैठके लें। शासन एवं प्रशासन की जवाबदेही जनता के प्रति होनी चाहिए। उन्होंने कहा



शिकायतकर्ताओं के प्रति सभी सेवा भाव से कार्य करें, एवं उनकी समस्याओं को बेवजह लंबित न रखते हुए शीघ्र समाधान करें। मुख्यमंत्री ने वर्चुअल माध्यम से जुड़े सभी जिला अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि तहसील दिवसों के दौरान भी सीएम हेल्पलाइन 1905 से आने वाली शिकायतों को तत्काल पोर्टल पर अपडेट किया जाए।बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने सीएम हेल्पलाईन के शिकायतकर्ताओं से फोन के माध्यम से वार्ता की जिसमें उधम सिंह नगर की शिकायतकर्ता भावना फुलारा द्वारा बताया गया है कि उनका राशन कार्ड ऑनलाइन प्रदर्शित नही हुआ था, जिस कारण उनका आयुष्मान कार्ड नही बन पा रहा था। सीएम हेल्पलाईन में शिकायत करने के महज 5 दिन में उनकी शिकायत का समाधान किया जा चुका है। जिसके लिए शिकायकर्ता भावना फुलारा ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया।

मुख्यमंत्री से वार्ता के दौरान नैनीताल के शिकायकर्ता सर्वेश शर्मा ने बताया कि उनके घर में कई दिनों से पानी नही आ रहा था। नई पाइप लाइन डालते समय उनके घर की पुरानी पाइप लाइन टूट गई थी। कोई अधिकारी सुनने को तैयार नहीं था। परंतु सीएम हेल्पलाईन में शिकायत करने के महज कुछ दिनों बाद ही उनकी शिकायत का समाधान किया जा चुका है। शिकायकर्ता सर्वेश शर्मा ने सीएम हेल्पलाईन की सराहना करते हुए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया।हरिद्वार से शिकायकर्ता सुखजीवन सिंह ने मुख्यमंत्री से वार्ता के दौरान बताया कि उनकी कॉलोनी वसंत विहार में कुछ दिन पहले सड़क का निर्माण कार्य किया गया है। उन्होंने घटिया सड़क निर्माण कार्य के संबंध में सीएम हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज की थी। शिकायत दर्ज करने के उपरांत बीते रविवार को ही सड़क को फिर से बना लिया गया है। जिसके लिए उन्होंने सीएम हेल्पलाईन की सराहना की एवं सीएम के प्रति आभार प्रकट किया।देहरादून से शिकायकर्ता विवेक की शिकायत को सुनते हुए मुख्यमंत्री ने तत्काल लंबित पड़ी शिकायत के शीघ्र समाधान हेतु जिलाधिकारी देहरादून को निर्देशित किया। उन्होंने जिला अधिकारियों को भी नियमित रूप से सीएम हेल्पलाइन के संबंध में बैठक लेने की बात कहीं।बैठक में बताया गया कि मुख्यमंत्री के निर्देश अनुसार सीएम हेल्पलाइन पोर्टल पर नियमित रूप से कार्य न करने वाले अधिकारियों की रिपोर्ट किए जाने व्यवस्था भी की गई है। साथ ही अधिकारियों द्वारा शिकायतकर्ताओं से किये गये संवाद सम्बन्धी मैसेज अलर्ट की व्यवस्था भी शुरू हो गई है। कॉलिंग एग्जीक्यूटिव के संवाद कौशल प्रशिक्षण के सम्बन्ध में प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### केदारनाथ में बिजली आपूर्ति बहाल

**रुद्रप्रयाग(सं)।** केदारनाथ धाम में इन दिनों बिजली आपूर्ति बहाल हो गई है। बीते दिनों आपूर्ति बाधित होने से यहां रह रहे जवानों को परेशानियां हो रही थी। किंतु ऊर्जा निगम द्वारा दो दिन पूर्व ही आपूर्ति बहाल कर दी गई है। केदारनाथ धाम में बर्फबारी के चलते अक्सर बिजली आपूर्ति बाधित हो जाती है। ऐसे में धाम में रहने वाले लोगों को मुश्किलों का समाना करना पड़ता है। लिंचौली के बीच विद्युत लाइन टूटने के कारण पूर्व में केदारनाथ धाम में चार दिनों तक आपूर्ति बाधित रही, किंतु अब आपूर्ति बहाल कर दी है। जिससे धाम में रह रहे लोगों ने राहत की सांस ली है।

### गो सदन में पशुओं के चारे की व्यवस्था की जाए

**चमोली(सं)।** विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने नगर क्षेत्र के गो सदन में पशुओं के लिए चारा, पानी की व्यवस्था और नगर की मूलभूत समस्याओं के निराकरण की मांग उठाई है। नगर पालिका के अधिशाषी अधिकारी को ज्ञापन देकर विहिप के जिलाध्यक्ष प्रताप लूथरा, प्रांतीय उपाध्यक्ष चिंतामणि सेमवाल, भाष्कर सेमवाल, सतीश सेमवाल, नरेश डिमरी, सलिल डिमरी, महिपाल सोनियाल, पुरुषोतम कोठियाल आदि ने कहा कि नगर पालिका की ओर से बनाए गए गोसदन में पशुओं के लिए पानी की व्यवस्था नहीं की गई है। साथ ही पशुओं को पर्याप्त चारा नहीं दिया जा रहा है। बाजार और बदरीनाथ हाईवे और पुल में पशुओं के कारण वाहनों का जाम लग रहा है। कहा कि नगर में लावारिस घूम रहे पशुओं को गो सदन में रखकर वहां चारा और पानी की व्यवस्था की जाय। वहीं नगर के पैदल रास्तों और पार्कों को दुरस्त करने की भी मांग उठाई है।

### महिलाओं से संबंधित कानून बताए

**चमोली(सं)।** पीजी कॉलेज कर्णप्रयाग में एनएसएस एवं अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के तत्वावधान में विचार गोष्ठी आयोजित की गई। गोष्ठी में महिलाओं से संबंधित कानून भी बताए गए। कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए प्राचार्य प्रो. केएल तलवाड़ ने कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर प्रेरणा स्रोत बन रही हैं। डा. कविता पाठक ने अंतराष्ट्रीय महिला दिवस के बारे में जानकारी दी। अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के राम सिंह व अंकिता ने महिलाओं से जुड़े संवेदनशील मुद्दों व कानूनों पर विचार रखे। इस दौरान क्विज प्रतियोगिता व विश्व और देश की ख्याति प्राप्त महिलाओं के चित्रों की प्रदर्शनी लगाकर उनसे जुड़ी जानकारी उपलब्ध कराई गई। छात्रा तनीषा ने मासिक धर्म पर स्वरचित कविता प्रस्तुत की। इस अवसर पर डॉ. चंद्रावती, डा.स्वाति सुंदरियाल, डा.दिशा शर्मा, डा.शालिनी सैनी आदि थे।

### सुरक्षा बल और पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

**चमोली(सं)।** आगामी लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने और भयमुक्त मतदान कराने के लिए सोमवार को जिला मुख्यालय गोपेश्वर में पुलिस और पैरामिलिट्री फोर्स ने फ्लैग मार्च निकाला। इस दौरान लोगों को निष्पक्ष होकर मतदान करने की भी अपील की गई।

### भटवाड़ी गांव में बंदरों के आतंक से ग्रामीण परेशान

**रुद्रप्रयाग(सं)।** जनपद की न्याय पंचायत सारी के भटवाड़ी गांव में बंदरों के आंतक से लोग परेशान है। क्षेत्र में लगातार बढ़ रही बंदरों के हमले की घटनाओं में अब तक आधा दर्जन से अधिक बच्चे घायल हो चुके है। पैदल रास्तों पर बच्चे, महिलाएं, और बुजुर्ग अकेले जाने से भी डर रहे हैं। क्षेत्रीय ग्रामीणों ने वन विभाग से बंदरों के आतंक से निजात दिलाने की मांग की है। भटवाड़ी में आए दिन बंदरों का आतंक बना हुआ है। बंदरों को भगाने पर वह काटने के लिए पीछे दौड़ते हैं। जिससे ग्रामीणों में भय का माहौल बना हुआ है। पैदल रास्तों में झुंड बनाकर बैठे बन्दर बच्चों व बुजुर्गो पर ज्यादा हमले कर रहे हैं। बंदरों के भय से रुद्रा, मानसी, रितु, दिबीशा, बृजमोहन सहित अन्य ग्रामीण घायल हो चुके है। पिछले एक माह बंदरों से काटने की आधा दर्जन से अधिक घटनाएं हो चुकी है। बंदरों का खौफ ऐसा है कि बुजुर्ग व बच्चे अकेले घरों से बाहर नहीं निकल रहे हैं। स्थानीय लोग वन विभाग से बंदरो की समस्या से अवगत करा चुके हैं, लेकिन स्थिति जस की तस है। बंदर घरों में घुसकर ग्रामीणों पर झपट रहे है। ग्रामीण राजेन्द्र सिंह जगवाण, मनोज रौतेला, दिलबर सिंह, सुदामा रौथाण, संजय सिंह ने बताया कि लगातार बढ़ती बंदरों के आतंक की घटनाएं लोगों में डर का माहौल पैदा कर रही है। बताया कि वन विभाग को अवगत कराने के वावजूद अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हो सकी है। उन्होंने रोष व्यक्त करते हुए शीघ्र बन्दरों को पकड़ने की मांग की है, ताकि ग्रामीणों को बंदरों के आतंक से निजात मिल सके।

### शर्मिष्ठा बनी कूर्माचंल परिषद की नत्थनपुर शाखा अध्यक्ष

**देहरादून(सं)।** कूर्माचल सांस्कृतिक एवं कल्याण परिषद शाखा नत्थनपुर के चुनाव में सर्वसम्मति से शर्मिष्ठा कफलिया को अध्यक्ष, कुबेर सिंह तडागी को सचिव चुना गया। उनके साथ उपाध्यक्ष हरीश चंद्र भट्ट, उप सचिव पुष्पा भाकुनी, सांस्कृतिक सचिव कुसुम पिलखवाल, संगठन सचिव मनोरमा नेगी, कोषाध्यक्ष पीएस रजवार, संयोजक माया शाह, विरेन्द्र कांडपाल, रविन्द्र गुरुरानी, व्यवस्थापक निर्मला रफाल को चुना गया। इस मौके पर शाखा का होली मिलन समारोह 14 मार्च को स्काई गार्डन में करने का निर्णय लिया गया।

### कैंट विधानसभा में विकास कार्यों का शिलान्यास, लोकार्पण

**देहरादून(सं)।** कैंट विधायक सविता कपूर ने विधायक निधि के माध्यम से कैंट विधानसभा के विभिन्न वाडों में चल रहे विकास कार्यों का शिलान्यास व लोकार्पण किया। इस अवसर पर सविता कपूर ने कहा कि कैंट विधानसभा विकास की ओर अग्रसर है। पूरी विधानसभा में विकास कार्य प्रत्येक वार्ड में चल रहे हैं। वार्ड 42 कांवली के व्योम प्रस्थ में बरसात के दौरान होने वाली जल भराव से अब निजात मिलेगी। सॉकपिट निर्माण से भू जल स्तर में वृद्धि होगी और जल भराव की समस्या भी हल होगी। कांवली वार्ड के विष्णु विहार में सीसी सड़क का निर्माण से जल भराव से निजात मिलेगी। उन्होंने बताया कि वार्ड 36 मोहित नगर अशोक विहार में सड़क निर्माण कार्य, आर्य समाज मंदिर प्रेमनगर में टाइल्स फर्श निर्माण कार्य, वार्ड 41 के परम विहार में सड़क निर्माण कार्य, वार्ड 41 के आराधना गार्डन में पार्क का सौंदर्यकरण, वार्ड 34 गोविंदगढ़ में सीसी सड़क निर्माण कार्य, वार्ड 32 के राम विहार पार्क का सौंदर्यकरण कार्य, केहरी गांव प्रेमनगर वार्ड एक में सीसी सड़क व नाली निर्माण कार्य विधायक निधि से कराए जा रहे है।

### मशरूम की खेती को लेकर दी जानकारी

**देहरादून(सं)।** उत्तराखंड विज्ञान शिक्षा और अनुसंधान केंद्र व टैक्जीन प्रशिक्षण अनुसंधान संस्थान की ओर से सोमवार को मशरूम उत्पादन को लेकर प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। एक सप्ताह के प्रशिक्षण में विभिन्न कॉलोजों के छात्र प्रतिभाग कर रहे हैं। इस अवसर पर यूसर्क की निदेशक प्रो अनिता रावत ने कहा कि प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य स्वरोजगार को बढ़ावा देना है।

# मधुमक्खी पालन और जूस बनाने का प्रशिक्षण दिया



**श्रीनगर गढ़वाल(सं)।** गोविंद बल्लभ पंत राष्ट्रीय हिमालय पर्यावरण संस्थान में जैव संसाधनों का उपयोग कर आजीविका संवर्धन के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से दो दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। संस्थान के निदेशक प्रो. सुनील नौटियाल के निर्देशन में श्रीनगर केंद्र में रुद्रप्रयाग जिले के घड़ियाल्का ग्राम में हुई कार्यशाला में विशेषज्ञों द्वारा विभिन्न गांवों से आए किसानों व काश्तकारों को मधुमक्खी पालन और जूस, जैम और जेली का प्रशिक्षण दिया। कार्यक्रम के प्रभारी वैज्ञानिक डॉ. अरुण कुमार जुगराण और गढ़वाल क्षेत्रीय इकाई के प्रभारी डॉ. चंद्रशेखर ने गढ़वाल क्षेत्र में उग रही बहुमूल्य वन संपदा और उनके औषधि गुणों से ग्रामवासियों को अवगत कराया। मौके पर मधुमक्खी पालन विशेषज्ञ राकेश धिरवाण और जूस, जैम और जेली विशेषज्ञ ताजवर बिष्ट ने प्रशिक्षण दिया। कार्यक्रम में शोधार्थी आशीष गुसाईं और अवंतिका आदि मौजूद थे।

# जखोली और मयाली में फ्लैग मार्च निकाला

**रुद्रप्रयाग(सं)।** आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए अर्धसैनिक बल, फायर सर्विस एवं रुद्रप्रयाग पुलिस ने जखोली में शांतिपूर्ण और निष्पक्ष चुनाव संपन्न कराने के लिए फ्लैग मार्च निकाला। इस मौके पर क्षेत्रीय जनता को निर्भीकता के साथ मतदान करने का आह्वान भी किया गया। पुलिस अधीक्षक विशाखा अशोक भदाणे के निर्देशन में पुलिस उपाधीक्षक रुद्रप्रयाग के पर्यवेक्षण में सोमवार को जखोली में फ्लैग मार्च निकाला गया। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली रुद्रप्रयाग राजेंद्र सिंह रौतेला के नेतृत्व में रुद्रप्रयाग पुलिस ने पैरामिलिट्री फोर्स तथा फायर सर्विस के साथ कोतवाली रुद्रप्रयाग के चौकी जखोली क्षेत्र के मयाली एवं जखोली कस्बे में फ्लैग मार्च किया गया। फ्लैग मार्च के दौरान आम जनमानस से आगामी लोकसभा चुनाव के दौरान किसी राजनैतिक पार्टी के दबाव में आए बिना, अधिक से अधिक एवं निर्भिक होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की गई। फ्लैग मार्च का उद्देश्य यह है कि पुलिस प्रशासन भी स्वस्थ्य एवं निष्पक्ष मतदान कराने के लिए तैयार है और आम जनमानस भी लोकतंत्र में बढ़–चढ़कर भाग लें। हिदायत दी कि चुनाव के दौरान किसी भी प्रकार की भ्रामक खबर फैलाने तथा अपराध एवं कानून व्यवस्था को प्रभावित करने का प्रयास करने वालों के विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्यवाही अमल में लायी जाएगी। फ्लैग मार्च में प्रभारी निरीक्षक राजेन्द्र रौतेला, चौकी प्रभारी कुलेन्द्र रावत सहित पुलिस, फायर तथा पैरामिलिट्री फोर्स के कार्मिक मौजूद रहे।

### महिला शिक्षकों और कर्मियों को किया सम्मानित

**चमोली(सं)।** पीजी कॉलेज कर्णप्रयाग में महिला प्राध्यापक और कर्मचारियों की ओर से सराहनीय कार्य करने पर महिला कर्मियों को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। कॉलेज के प्राचार्य प्रो. केएल तलवाड़ ने बताया कि महाविद्यालय में एक तिहाई स्टाफ महिलाओं का है। कालेज की समितियों में महिला प्राध्यापिकाएं, संयोजिका व सदस्यों के रूप में सराहनीय कार्य कर रही हैं। अध्ययनरत विद्यार्थियों में छात्राओं का प्रतिशत अधिक है। इसलिए महिला स्टाफ की जिम्मेदारी बढ़ जाती है। कहा, महाविद्यालय में गर्ल्स कॉमन रूम की स्थापना भी की गई है। मौके पर मुख्य प्रशासनिक अधिकारी मीना रियाल, डा.चंद्रावती टम्टा, डा.कविता पाठक, डा.शीतल देशवाल, डा.पूनम, डा.नेहा तिवारी, डा.स्वाति सुंदरियाल, डा.शालिनी सैनी, डा.दिशा शर्मा, डा.सीमा पोखरियाल को सम्मानित किया गया।

# लो वोटर टर्न आउट वाले क्षेत्रों में नुक्कड़ नाटक आयोजित कर मतदाताओं को किया जागरूक



**चमोली(सं)।** स्वीप अभियान के तहत जनपद चमोली में सोमवार को लो वोटर टर्न आउट वाले क्षेत्रों में नुक्कड़ नाटक आयोजित किए गए। इसके साथ ही मतदाता पहचान पत्र विशेष शिविर का आयोजन किया गया।स्वीप की ओर से निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार लो वोटर टर्न आउट वाले क्षेत्रों में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से मतदाता जागरुकता अभियान चलाया गया। अभियान के तहत कर्णप्रयाग विधानसभा के मैखुरा, धनपुर, सलियांणा, गैरसैंण बाजार आदि में नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। वहीं दूसरी ओर राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय गोपेश्वर, राजकीय विधि महाविद्यालय गोपेश्वर में वोटर हेल्प लाइन एप के माध्यम से नए मतदाताओं का पंजीकरण करवाने के साथ ही मतदाता शपथ दिलाई गई। इस मौके पर एलसीसी नोडल अधिकारी डा. मनीष मिश्रा, डा. राजेश मैसी, जीतेंद्र कुमार, दिनेश कुमार आदि मौजूद थे। इसके साथ ही जनपद में संचालित दिव्यांग रथ के माध्यम से तलवाड़ी, थराली, ग्वालदम सहित पिंडर घाटी के गांवों में जागरुकता अभियान चलाया गया।

### नेहरुग्राम में नवचेतना समिति ने किया महिलाओं का सम्मान

**देहरादून(सं)।** नवचेतना समिति ने नेहरुग्राम में महिला दिवस के मौके पर महिलाओं को सम्मानित किया। इस मौके पर हुई गोष्ठी में महिलाओं की स्थिति व अधिकारों को लेकर चर्चा की गई। महिलाओं की पोशाक प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। नेहरूग्राम में समिति कार्यालय में हुई बैठक में पुष्पा गुरुंग, आशा सुंदरियाल, सरस्वती भोसाल, कांता भट्ट, रंजिता राणा, ज्योति भट्ट को स्मृति चिन्ह दे कर सम्मानित किया। समिति की संयोजक दीप्ति रावत बिष्ट ने कहा कि इस बार का अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस लोकसभा चुनाव प्रचार के माहौल में मनाया रहा है। वर्तमान समय में प्रमुख राजनीतिक पार्टियों व नेताओ ने राजनैतिक टिप्पणी से लोगों में अविश्वास पैदा किया है।

# लक्ष्य ने फ्रेंच ओपन में कांस्य पदक जीता

**देहरादून(सं)।** अल्मोड़ा निवासी लक्ष्य सेन ने पेरिस में हुई एचएसबीसी डब्लूएफ सुपर 750 फ्रेंच ओपन में कांस्य पदक जीतकर एक बार फिर देश और प्रदेश का नाम रोशन किया है। उनकी सफलता पर खेल प्रेमियों ने हर्ष जताया है। उत्तरांचल स्टेट बैडमिंटन एसोसिएशन के सचिव बीएस मनकोटी ने बताया कि लक्ष्य ने पहले मैच में जापान के केंटा सुनेयामा को 15–21, 21–15, 21–3 से हराकर प्री-क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। फिर चीन के लीशी फेंग को 16–21, 21–15, 21–13 के अंतर से पराजित कर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। सिंगापुर के लोह कीन यू को 19–21, 21–13, 21–11 से हराकर वो सेमीफाइनल में पहुंचे। लेकिन सेमीफाइनल में उन्हें विश्व बैडमिंटन चैंम्पियन थाईलैंड के कुनालवत विटिदशरन से 20–22, 21–13, 21–11 से पराजित होना पड़ा। लक्ष्य सेन अपने इस पदक से एक रैंक हासिल कर विश्व नंबर 16 में पहुंच गए हैं। उन्होंने ओलंपिक में प्रतिभाग करने के लिए आवश्यक अंक प्राप्त कर लिए हैं। उन्हें इसी सप्ताह इंग्लैंड में प्रस्तावित आल इंग्लैंड बैडमिंटन चैंपियनशिप में प्रतिभाग करना है। बैडमिंटन संघ उत्तराखंड के चीफ पैटर्न अशोक कुमार, डा. अलकनंदा अशोक, राम अवतार, प्रशांत जोशी, गोकुल सिंह मेहता, राकेश जायसवाल, सचिव डाक्टर संतोष बिष्ट, नंदन रावत, संजय नजजौन, अमरनाथ सिंह, सुरेश कर्नाटक, जगमोहन सिंह फर्त्याल ने उन्हें बधाई दी है।

## मतदान कार्मिको का प्रथम रैण्डमाईजेशन सम्पन्न

**पौड़ी** : आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 हेतु एनआईसी कक्ष में साफ्टवेयर के माध्यम जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. आशीष चौहान की उपस्थिति में मतदान कार्मिको का प्रथम रैण्डमाईजेशन किया गया।

जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा जनपद पौड़ी गढ़वाल के 945 बूथों के 5220 मतदान कार्मिकों का प्रथम रैण्डमाईजेशन सफलतापूर्वक किया गया। रैण्डमाईजेशन के अनुसार मतदान कार्मिकों को पोलिंग बूथ आवंटित किये जायेंगे। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी अपूर्वा पाण्डेय, अपर जिलाधिकारी ईला गिरी, जिला विकास अधिकारी मनविन्दर कौर, मुख्य शिक्षाधिकारी दिनेश गौड़, सहायक निर्वाचन अधिकारी शांति लाल शाह सहित अन्य अधिकारी व कार्मिक रैण्डमाईजेशन में उपस्थित थे।

## भाजपा ने लोकसभा चुनावों की तैयारियों पर किया मंथन

**पौड़ी** : लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर पौड़ी में भाजपा की चुनाव संचालन समिति की बैठक का आयोजन पालिका सभागार में किया गया। बैठक में पार्टी के विधानसभा संयोजक एवं विधायक राजकुमार पोरी, विधानसभा प्रभारी एवं पूर्व जिलाध्यक्ष सम्पत सिंह रावत की मौजूदगी में लोकसभा चुनाव को लेकर चर्चा हुई। विधानसभा में चुनाव संपन्न कराने को लेकर जिम्मेदारियां दी गई। बैठक में पार्टी के जिला महामंत्री शशि चंद्र रतूड़ी, जिला उपाध्यक्ष पूर्णिमा नेगी, यशपाल बेनाम, लोकसभा पालक जगत किशोर बड़थ्वाल, मंडल अध्यक्ष क्राति किशोर नेगी, हिम्मत सिंह नेगी, विवेक ममगाईं, अनिल नेगी, रश्मि असवाल आदि मौजूद थे।

## महिलाओं को स्वरोजगार अपनाने के लिए प्रेरित किया

**पौड़ी** : पौड़ी के विकास भवन में सोमवार को वर्चुअल माध्यम से प्रधानमंत्री ने लखपति दीदियों के साथ संवाद किया। कार्यक्रम में विधायक पौड़ी राजकुमार पोरी ने भी हिस्सा लिया। इस दौरान विधायक ने लखपति दीदी बन चुकी महिलाओं को सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया। यहां मौजूद लोगों ने प्रधानमंत्री के वर्चुअल संवाद को भी देखा और सुना। पौड़ी जिले भर में 37 जगहों पर पीएम को लोगों ने लाइव सुना। पौड़ी में 67 महिलाओं ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में विधायक पौड़ी राजकुमार पोरी ने कहा कि महिलाएं आज हर क्षेत्र में मुकाम हासिल कर रही हैं। आजीविका से लेकर स्वरोजगार को अपनाकर महिलाएं आत्मनिर्भर बन रही हैं। इसके बाद विधायक ने लखपति दीदियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर पौड़ी की सीडीओ अपूर्वा पांडे, जिला थेमेटिक एक्सपर्ट पूजा जुयाल, डीडीओ मनविंदर कौर, बीडीओ दृष्टि आनंद आदि भी मौजूद थे।

## मतदाताओं को दिलाई मतदान की शपथ

**पौड़ी** : आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत जनपद के समस्त विकासखंडों में मतदाताओं को मतदान के लिए विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से जागरूक किया जा रहा है। साथ ही गांव से बाहर रह रहे मतदाताओं से संपर्क कर उन्हें अपने ही गांव में मतदान करने की अपील भी की जा रही है। जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. आशीष चौहान ने आमजनमानस से अपील करते हुए कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में शतप्रतिशत मतदान हो इसके लिए अधिक से अधिक संख्या में मतदान करें तथा अन्य लोगों को भी जागरूक करें। आगामी लोकसभा चुनाव में शतप्रतिशत मतदान हो इसके लिए शहर, गांवों सहित अन्य स्थानों में मतदाताओं को मतदान के लिए शपथ दिलाई जा रही हैं। वहीं स्कूली बच्चों द्वारा रंगोली, मेहंदी, पोस्टर, नुक्कड़ नाटक सहित अन्य गतिविधियों के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। सोमवार को जागरूक कार्यक्रम के तहत विकासखंड एकेश्वर, पाबौ, रिखणीखाल, कोट, द्वारीखाल सहित अन्य स्थानों में मतदाताओं को मतदान की शपथ दिलाई गई। इस दौरान संबंधित अधिकारियों द्वारा शपथ के दौरान समस्त मतदाताओं को आगामी लोकसभा चुनाव में शतप्रतिशत मतदान करने को कहा।

# धरने पर डटी आंगनबाडी कार्यकत्रियां, आंदोलन तेज करने की चेतावनी

## आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने सरकार से की मानदेय बढ़ाने की मांग

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : मानदेय बढ़ाने की मांग को लेकर आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का धरना दूसरे दिन भी जारी रहा। कार्यकत्रियों ने जल्द मांग पूरी नहीं होने पर आंदोलन को तेज करने की चेतावनी दी है। कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की अनदेखी किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

सोमवार को दुगड्डा ब्लाक की अध्यक्ष ऊषा गोस्वामी व जयहरीखाल प्रखंड की कोषाध्यक्ष कविता कोटनाला के संयुक्त नेतृत्व में दोनों प्रखंडों की आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां दूसरे दिन भी तहसील में धरने पर डटी हुई थी। संगठन की प्रांतीय सदस्य बंसती रावत ने प्रदेश सरकार पर आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की उपेक्षा का आरोप लगाया। कहा कि वर्तमान में प्रदेश सरकार आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को नाममात्र का मानदेय दे रही है, अल्प मानदेय से परिवार का भरण पोषण, बच्चों की पढ़ाई लिखाई भी पूरी नहीं हो रही है। कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकत्री विषम भौगौलिक परिस्थियों में भी प्रदेश व राज्य सरकार की योजनाओं को धरातल पर उतारने का कार्य कर रही है। आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां 18 हजार का मानदेय दिए जाने की मांग विगत पिछले लंबे समय से कर रही हैं, जिसको लेकर कार्य बहिष्कार व आंदोलन किया जा रहा है। लेकिन, प्रदेश सरकार उनकी जायज मांगों को अनदेखा कर रही है, जिससे आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों में प्रदेश सरकार के इस प्रकार के रवैया से नाराज है। इस मौके पर प्रभा जोशी, अंबिका रावत, पुष्पा देवी, रोशनी देवी, रजनी, सरोज, पूजा, सुशीला, शोभा रानी, संगीता, मीना, रागिनी, सुमित्रा, अनीता, दीपा, कुसुम सहित बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी कार्यकत्री मौजूद रही।



कोटद्वार तहसील में धरने पर डटी आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां।

# घर-घर जाकर सरकारी की योजनाओं की दी जानकारी

## भारत-तिब्बत सहयोग मंच की ओर से चलाया गया अभियान

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : भारत-तिब्बत सहयोग मंच की ओर से क्षेत्र में हम हैं मोदी का परिवार अभियान चलाया गया। इस दौरान सदस्यों ने आमजन से केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की। कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार जनता के हितों को लेकर कई कल्याणकारी योजनाएं चला रही है।

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता विपिन कैंथोला के नेतृत्व में अभियान की शुरूआत की गई। सदस्यों ने घर-घर जाकर लोगों को सरकार की योजनाओं की जानकारी दी। गौ सेवा आयोग के सदस्य धर्मवीर सिंह गुसाई ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार लगातार उत्तराखंड के बेहतर विकास में अपना सहयोग दे रही है। केदारनाथ मंदिर क्षेत्र का पुनर्निर्माण हो या फिर चार धाम आल वेदर रोड, कर्णप्रयाग रेल परियोजना हर क्षेत्र में सरकार उत्तराखंड के विकास को शीर्ष पर लेकर चल रही है। इस दौरान सिद्धबली मार्ग, लकड़ीपड़ाव, विकास नगर गाड़ीघाट क्षेत्र में घर-घर पहुंचकर अभियान चलाया गया। सदस्यों ने लोगों से केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने की भी अपील की। इस मौके पर भारत तिब्बत सहयोग मंच की प्रदेश महामंत्री महिला मोर्चा सुनीता देवी, भारत तिब्बत सहयोग मंच प्रदेश मंत्री अमिताभ अग्रवाल, प्रदेश मंत्री कमलेश कोटनाला, विकासदीप मित्तल, धीरेंद्र गढ़वाली, हार्दिक सिंह, अर्चना शर्मा, नईम अहमद आदि मौजूद रहे।



क्षेत्र में अभियान चलाते सदस्य

## पौड़ी पुलिस ने बैरियरों पर बढ़ाई चौकसी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी** : लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पौड़ी पुलिस ने बैरियरों पर चौकसी बढ़ा दी है। पुलिस हर चेक पोस्ट पर अवैध शराब, अवैध मादक पदार्थ आदि का परिवहन करने वाले संदिग्धों पर भी नजर रख रही है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्वेता चौबे ने सभी थानों की फोर्स को अलर्ट मोड में रहने को कहा है।


चुनाव के लिए जिले में आए अर्द्धसैनिक बलों के साथ पुलिस संयुक्त चेकिंग अभियान चलाते हुए संदिग्धों पर भी कड़ी नजर रख रही है। एसएसपी पौड़ी श्वेता चौबे ने बताया कि चुनाव के मद्देनजर जिले के सभी थाना प्रभारियों को प्रभावी चेकिंग के निर्देश दिए गए है। विशेषकर जिले की सीमाओं पर सतर्क रहने को कहा गया है। इसके साथ ही चुनाव के लिए आया अर्द्धसैनिक बल और पुलिस संयुक्त चेकिंग कर रही है। एसएसपी के निर्देशों के बाद कोतवाली श्रीनगर के चुंगी, पौड़ी के खाण्डूसैंण और कोतवाली कोटद्वार में पड़ने वाले कौड़िया व सनेह चेक पोस्टों पर अर्द्धसैनिक बलों के साथ सोमवार को संयुक्त चेकिंग अभियान चलाया गया। यहां से गुजरने वाले सभी तरह के वाहनों और लोगों की सघन चेकिंग की जा रही है।

# छात्राओं को उनके अधिकारों के प्रति किया जागरूक

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : इंस्टीट्यूट ऑफ हास्पीटेलिटी मैनजमैंट एंड साइंसेज (आईएचएमएस) की ओर से एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें अपर पुलिस अधीक्षक जया बलूनी ने छात्राओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया।

सोमवार को बलभद्रपुर बीईएल रोड स्थित संस्थान परिसर में आयोजित कार्यक्रम का बतौर मुख्य अतिथि एएसपी कोटद्वार जया बलोनी, अधिवक्ता पूजा शर्मा डोबरियाल और संस्थान के एमडी बीएस नेगी ने दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। अपने संबोधन में एएसपी जया बलोनी ने कहा कि पूर्व में महिलाओं को शिक्षा से वंचित किया जाता था, लेकिन समय के साथ शिक्षा के महत्व को समझते हुए महिलाएं शिक्षित हुई। आज महिलाएं विभिन्न संस्थानों में अहम भूमिका निभा रहीं हैं। आज उत्तराखंड की मुख्य न्यायाधीश, मुख्य सचिव, विधानसभा अध्यक्ष, कोटद्वार की जज, एसएसपी पौडी और एएसपी के पद पर महिलाएं अपनी सेवाएं दे रही हैं। उन्होंने छात्रों से महिलाओं का सम्मान करने और छात्राओं से अपना भला बुरा समझते हुए देश की तरक्की में भागीदार बनने की अपील की। अधिवक्ता पूजा शर्मा डोबरियाल ने कहा कि महिला और पुरुष समाज हवाई जहाज के दो पंखों की तरह होते हैं। एक भी पंख के टूट जाने पर जहाज को उड़ाया नहीं जा सकता है। उन्होंने कहा कि छात्राओं को कानून और अपने अधिकारों की जानकारी होनी चाहिए, इसलिए नहीं कि इसका किसी पर उपयोग करना है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में घरेलू हिंसा के 98 प्रतिशत मामले फर्जी आ रहे हैं, महिलाएं कानून का गलत लाभ उठा रही हैं, जबकि घरेलू हिंसा से पीड़ित लोग आज भी कोर्ट से दूर हैं। उन्होंने छात्राओं से कानून और अपने अधिकारों का सदुपयोग करने की अपील की। इस अवसर पर बीसीए की छात्रा सलोनी, पूर्णिमा और बीबीए की छात्रा ख्वाइश ने भी अपने विचार व्यक्त किए। छात्र-छात्राओं ने अतिथियों ने प्रश्न पूछकर अपनी जिज्ञासा शांत की। कार्यक्रम में संस्थान के ईडी अजयराज नेगी, डायरेक्टर एडमिन कर्नल बीएस गुसाई (सनि), डायरेक्टर एकेडमिक डॉ. सुनील कुमार, जनसंपर्क अधिकारी नरेश थपलियाल, कार्यक्रम समन्वयक सपना रौथाण आदि मौजूद रहे। गोष्ठी का संचालन छात्रा खुशी गुसाईं ने किया।



कार्यशाला में छात्राओं को जानकारी देते अपर पुलिस अधीक्षक जया बलूनी

## प्रमोद को नई जिम्मेदारी मिलने पर जताई खुशी

पौड़ी : पीआरडी संगठन में प्रमोद मंद्रवाल को प्रदेश संयोजक की जिम्मेदारी मिलने पर जिले के पीआरडी जवानों ने खुशी जताई है। पीआरडी संगठन के जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम भारती ने बताया कि प्रमोद मंद्रवाल को नई जिम्मेदारी मिलने के बाद पीआरडी कार्मिकों में खुशी की लहर है। इससे पूर्व प्रमोद मंद्रवाल पीआरडी संगठन के प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी भी संभाल चुके है। बताया कि वे इससे पहले पीआरडी कार्मिकों के हितों के लिए लगातार आवाज उठाते आए हैं। उनका कार्यकाल अच्छा रहा। बताया कि इसके अलावा संजय पंवार को प्रदेश सचिव बनाया गया है।

## च्वींचा, कांडई गांव की महिलाओं ने किया प्रदर्शन

पौड़ी : राज्य आंदोलनकारी चिह्नीकरण की मांग को लेकर च्वींचा, कांडई गांव की महिलाओं ने लंबित आवेदनों पर कदम नहीं उठाए जाने पर नाराजगी जताते हुए धरना देकर प्रदर्शन किया। महिलाओं ने कहा कि पिछले लंबे समय से चिह्नीकरण की मांग की जा रही है, लेकिन उनके आवेदनों पर जिला प्रशासन द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। उन्होंने जल्द ही आवेदनों पर विचार करते हुए चिह्नीकरण की मांग उठाई। धरना प्रदर्शन में भगवती देवी, कुंती देवी, कमला देवी, मंजू देवी, कांती देवी, गीता देवी, पीतांबरी देवी, बीना देवी, मीना देवी आदि शामिल रहे।

## काश्तकारों ने सीखें मधुमक्खी पालन और जूस बनाने के गुर

श्रीनगर गढ़वाल : गोविंद बल्लभ पंत राष्ट्रीय हिमालय पर्यावरण संस्थान में जैव संसाधनों का उपयोग कर आजीविका संवर्धन के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से दो दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। संस्थान के निदेशक प्रो. सुनील नौटियाल के निर्देशन में श्रीनगर केंद्र में रुद्रप्रयाग जिले के घड़ियाल्का ग्राम में हुई कार्यशाला में विशेषज्ञों द्वारा विभिन्न गांवों से आए किसानों व काश्तकारों को मधुमक्खी पालन और जूस, जैम और जेली का प्रशिक्षण दिया। कार्यक्रम के प्रभारी वैज्ञानिक डॉ. अरुण कुमार जुगराण और गढ़वाल क्षेत्रीय इकाई के प्रभारी डॉ. चंद्रशेखर ने गढ़वाल क्षेत्र में उग रही बहुमूल्य वन संपदा और उनके औषधि गुणों से ग्रामवासियों को अवगत कराया। मौके पर मधुमक्खी पालन विशेषज्ञ राकेश धिरवाण और जूस, जैम और जेली विशेषज्ञ ताजवर बिष्ट ने प्रशिक्षण दिया। कार्यक्रम में शोधार्थी आशीष गुसाईं और अवंतिका आदि मौजूद थे। (एजेंसी)

## श्रीनगर में चल रहा धरना अब पदयात्रा में होगा तब्दील

श्रीनगर गढ़वाल : अंकिता भंडारी को न्याय दिलाए जाने को लेकर श्रीनगर में चल रहा धरना अब पदयात्रा के रूप में तब्दील होगा। सोमवार को धरना स्थल पर संयुक्त पत्रकार वार्ता में अंकिता भंडारी की मां सोनी देवी ने यह जानकारी दी।

सोमवार को आयोजित पत्रकार वार्ता में सोनी देवी ने कहा कि 13 मार्च को कोटद्वार में अपनी बेटी के न्याय के लिए पदयात्रा निकालेंगे। आरोप लगाया कि सरकार लगातार उनकी बेटी को न्याय देने के लिए ढिलाई बरत रही है। साथ ही धरने के समर्थन में आवाज उठा रहे लोगों पर कार्रवाई कर मामले को कमजोर करने की कोशिश कर रही है। पहाड़ी स्वाभिमान सेना के अध्यक्ष आशीष नेगी ने कहा कि धरने को यात्रा का रूप दिया जायेगा। कहा कि 13 मार्च को कोटद्वार में न्यायालय परिसर से अंकिता भंडारी के न्याय के लिए पदयात्रा निकाली जायेगी, जो कि घर-घर तक पहुंचेगी। कहा कि अंकिता को न्याय दिलाने की लड़ाई आगे भी जारी रहेगी। इस मौके पर अंकिता के पिता बीरेंद्र भंडारी, आयुष नेगी, रेशमा, डा. मुकेश सेमवाल, सवीता देवी, प्रभाकर बाबुलकर, सविता देवी, अजंली, मोनिका चौहान, कुलदीप रमोला सहित आदि मौजूद थे। (एजेंसी)

# कार्यशाला में विद्यार्थियों को विषय की दी जानकारी

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार :** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोटद्वार में विज्ञान संकाय व आइक्यूएसी के संयुक्त तत्वावधान में इंफ्रारेड स्पेक्ट्रोस्कोपी शीर्षक पर एक दिवसीय स्टेट लेवल सेमिनार का आयोजन किया गया। इस दौरान शिक्षकों ने विद्यार्थियों को इंफ्रारेट स्पेक्ट्रोस्कोपी के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की संरक्षिका प्राचार्य प्रो. जानकी पंवार ने किया। उन्होंने विद्यार्थियों को जीवन में हर रोज कुछ नया सीखने के लिए प्रेरित किया। आइक्यूएसी कोऑर्डिनेटर डॉ. प्रवीण जोशी ने भी छात्र-छात्राओं का उत्साह वर्धन किया। कार्यक्रम के संयोजक प्रो. एमडी कुशवाहा ने स्वयं रचित कविता के माध्यम से स्पेक्ट्रोस्कोपी को सरल भाषा में समझाया। इसके उपरांत सेमिनार का प्रारम्भ डॉ. अभिषेक गोयल के लेक्चर से हुआ, जिसका शीर्षक इंट्रोडक्शन ऑफ आई आर स्पेक्ट्रोस्कोपी, डॉ. डीएस चौहान ने मोड्स ऑफ वाइब्रेशन्स को विस्तार से समझाया। डॉ. अनुज कुमार ने अपने लेक्चर से छात्र-छात्राओं को फॉर्स कांस्टेंट, फर्मी रिसोनेंस तथा ओवरटान्स को विस्तार से समझाया। डॉ. रंजना सिंह ने आईआर स्पेक्ट्रोस्कोपी के एप्लीकेशन्स तथा इंटरप्रटेशन ऑफ आई आर स्पेक्टरा के विषय में जानकारी दी। डॉ. कविता रावत के द्वारा एफटीआईआर स्पेक्ट्रोस्कोपी एप्लीकेशन ऑफएफटीआईआर स्पेक्ट्रोस्कोपी की विस्तार से जानकारी दी। इसी क्रम में प्रो. एमडी कुशवाहा ने प्लांट साइंस में स्पेक्ट्रोस्कोपी के उपयोग को विस्तार से समझाया। इस मौके पर प्राध्यापक डॉ. सुरेश कुमार, डॉ. नंदी गड़िया, डॉ. किशोर चौहान, डॉ. स्मिता तिवारी, डॉ. तृप्ति दीक्षित, डॉ. कपिल देव थपलियाल, डॉ. मोहन कुकरेती, डॉ. मुकेश रावत डॉ. सूर्य मोहन, डॉ. अजय रावत, डॉ. धर्मेंद्र कुमार, डॉ. ज्ञानेश पाण्डेय, डॉ. सुनैना शर्मा, डॉ. अंकिता, डॉ. विमल आदि मौजूद रहे।



महाविद्यालय में आयोजित कार्यशाला का शुभारंभ करते शिक्षक व अन्य

## दिव्यांगों के लिए आवास व शिक्षा सुविधा देने की मांग

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : समदृष्टि क्षमता विकास एवं अनुसंधान मंडल ने दिव्यांगों के आवास व शिक्षा के लिए भूमि उपलब्ध करवाने की मांग की है। कहा कि दिव्यांगों के हितों को लेकर सरकार को गंभीरता से कार्य करना चाहिए।

इस संबंध में सक्षम ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को पत्र दिया। सक्षम के प्रांत सचिव कपिल रतूड़ी ने कहा कि सक्षम पिछले कई वर्षों से दिव्यांगों के हितों को लेकर कार्य कर रहा है। ऐसे में दिव्यांगों के लिए आवास, शिक्षा व कौशल विभास के लिए संस्था को भूमि उपलब्ध करवाई जानी चाहिए। इस मौके पर संस्था के संरक्षक गिरिराज सिंह रावत, बुद्धिबल्लभ ध्यानी, योगंबर सिंह रावत आदि मौजूद रहे।

# विद्यार्थियों को स्वरोजगार शुरू करने के बताए तरीके

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार :** युवाओं को स्वरोजगार के प्रति जागरूक करने के लिए राजकीय महाविद्यालय चौबट्टाखाल में कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान विशेषज्ञों ने युवाओं को स्वरोजगार शुरू करने के तरीके बताए।

उत्तराखंड सरकार व भारतीय उद्यमिता विकास संस्था अहमदाबाद के सहयोग से विद्यालय में 12 दिवसीय उद्यमिता योजना के तहत कार्यशाला आयोजित की गई। उद्यमिता विकास योजना के नोडल अधिकारी डा. श्रवण कुमार ने कहा कि पलायन को रोकने के लिए उत्तराखंड में स्वरोजगार को बढ़ावा दिया जा रहा है। कार्यशाला में युवाओं को स्वरोजगार के प्रति जागरूक किया जा रहा है। कहा कि वर्तमान में सब्सिडी का लाभ लेकर युवा होम स्टे सहित कई अन्य महत्वपूर्ण योजनाओं का बेहतर लाभ उठा सकते हैं। प्राचार्य डा.विमल कुकरेती ने विद्यार्थियों से कार्यशाला में मिलने वाली योजनाओं को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने की अपील की। अहमदाबाद से मास्टर ट्रेनर खुशी नायक ने युवाओं से बाजार की स्थिति को जान स्वरोजगार अपनाने की अपील की। इस मौके पर डा. योगिता, डा. हेमंत जोशी, डा. प्रवीण कुमार डोभाल, डा. सुनील कुमार, डा. ऋतु टम्टा, डा. धनंजय त्रिपाठी, डा. भरतपाल सिंह, डा. रणजीत कुमार, प्रदीप सिंह, हरीश चंद्र, अतुल बलूनी, शिवरतन सिंह, प्रीतम सिंह, धीरज चमोली, गजेन्द्र सिंह, सुनील कुमार आदि मौजूद रहे।



राजकीय महाविद्यालय चौबट्टाखाल में आयोजित कार्यशाल में भाग लेते विद्यार्थी

# शहर में भाईचारे व सौहार्द के साथ मनाए रमजान का त्योहार

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार :** अपर पुलिस अधीक्षक जया बलूनी ने पीस कमेटी की बैठक लेते हुए आमजन से रमजान का त्योहार भाईचारे के साथ मनाने की अपील की। कहा कि शहर में कानून व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए शहरवासियों को पुलिस का सहयोग करना चाहिए। कानून व्यवस्था बिगाड़ने वालों के खिलाफ पुलिस कानूनी कार्रवाई करेगी।

सोमवार को अपर पुलिस अधीक्षक जया बलूनी ने कोतवाली में पीस कमेटी की बैठक ली। कहा कि पुलिस शहर में कानून व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है। शहर को अपराध मुक्त बनाने के लिए आमजन को भी पुलिस का सहयोग करना चाहिए। कहा कि रमजान पर शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। इसके लिए शहर के संदिग्ध क्षेत्रों में पुलिस की गश्त भी बढ़ाई जाएगी। यदि कोई भी कानून व्यवस्था को बिगाड़ने का प्रयास करता है तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने आमजन से शहर में यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने में भी सहयोग की अपील की। कहा कि शहरवासी सड़क पर सफेद पट्टी के भीतर ही अपनी वाहनों को खड़ा करें। यदि कोई भी सड़क पर बेतरतीब वाहन खड़ा करता है तो चालान व वाहन सीज की कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर पुलिस क्षेत्राधिकारी विभव सैनी, कोतवाली प्रभारी मणिभूषण श्रीवास्तव भी मौजूद रहे।



कोटद्वार कोतवाली में पीस कमेटी की बैठक लेते एएसपी जया बलूनी

## अलकनंदा नदी में फंसे वाहन सहित चालक

**श्रीनगर गढ़वाल :** श्रीनगर में बड़ा हादसा होने से बाल-बाल बच गया। दरअसल चौरास के रानीहाट जगह पर दो ट्रक चालक अपने वाहन धोने के लिए अलकनंदा नदी में उतरे थे। जिस समय वाहन चालक गाड़ी धोने नदी में उतरे, उस समय नदी का पानी कम था। अचानक नदी का जलस्तर बढ़ने से दोनों चालक वाहन सहित बीच नदी में फंस गये। आनन-फानन में स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने जेसीबी मशीन की मदद से दोनों वाहन चालकों को नदी से सकुशल रेस्क्यू किया। करीब एक घंटे तक रेस्क्यू कार्य चला। कोतवाल कीर्तिनगर देवराज शर्मा ने बताया कि दोनों वाहन और चालकों को रेस्क्यू कर बाहर निकाला गया। दोनों ट्रक चालक साफ-सफाई करने के लिए नदी किनारे गए थे, लेकिन अचानक नदी का जलस्तर बढ़ गया। जल विद्युत परियोजना से पानी छोड़े जाने से नदी का जलस्तर बढ़ गया और वाहन चालक नदी में फंस गए, जिन्हें सकुशल रेस्क्यू किया गया है। (एजेंसी)

# 15 से 19 मार्च तक जिले में होंगे विभिन्न कार्यक्रम

जयन्त प्रतिनिधि।

**पौड़ी :** लोकसभा चुनावों में वोटिंग प्रतिशत को बढ़ाने को लेकर कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। एक ओर चुनाव संबंधी बेहतर रील बनाएं जाने पर पुरस्कार दिए जा रहे है वहीं अब चुनाव का पर्व, देश का गर्व थीम पर 15 और 19 मार्च को जिले में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन होगा।

स्वीप के तहत होने वाले इस कार्यक्रम को लेकर स्वास्थ्य महकमे की तैयारियां शुरू है। इस कार्यक्रम के तहत हर ब्लॉक में महिला चौपाल का आयोजन होगा। इसके लिए करीब 10 सामुदायिक एवं उपकेंद्रों का चयन ब्लाक वार कर लिया गया है। इनमें चार्ट पेपर और ड्राइंग शीट रंगीन लिखावट एवं सजावट प्रतियोगिता होगी। इसमें गढ़वाली या हिन्दी में उक्त थीम पर आधारित स्लोगन, कविताएं आदि शामिल हो सकती है।

एक केंद्र पर 3 से 4 महिलाओं का समूह को एक चार्ट पेपर को तैयार करने के लिए मिलेगा। फिर पोस्टर प्रतियोगिता होगी। जिसमें से बेहतर पोस्टरों को सार्वजनिक स्थानों पर चस्पा किया जा सकेगा। ब्लॉक स्तर पर बेहतर समूह को पुरस्कृत भी किया जाएगा। शत प्रतिशत वोटिंग के लिए प्रेरित करने के मकसद से चयनित उपकेंद्रों पर दीपक या मोमबत्ती जलाकर चुनाव का पर्व देश का गर्व थीम का प्रचार किया भी होगा।

कार्यक्रम के नोडल अफसर डॉ. सुमित देव वर्मन ने बताया कि कार्यक्रमों में कविताओं से लेकर वाद विवाद प्रतियोगिताएं, सांस्कृतिक कार्यक्रम आदि भी रखे गए है।

## सड़क नहीं बनने पर लोगों ने रोष जताया

उत्तरकाशी(सं)। मोरी ब्लॉक के ग्राम पंचायत खेड़मी और राजस्व गांव नितुषा के ग्रामीण सड़क नहीं बननेसे नाराज है। आक्रोशित लोगों ने तहसीलदार को ज्ञापन देकर सड़क नहीं तो वोट नहीं देने की चेतावनी दी है। सोमवार को मोरी के ग्राम पंचायत खेड़मी और राजस्व गांव नितुषा के ग्रामीणों ने तहसीलदार मोरी जब्बर सिंह असवाल को एक ज्ञापन प्रेषित किया। ग्रामीणों ने कहा कि वर्ष 2007-08 में तत्कालीन सीएम ने खेडमी के लिए सड़क की घोषणा की थी। लेकिन इस पर आज तक अमली जामा नहीं पहनाया गया। सरकार और प्रशासन की लापरवाही व अनेदखी के कारण खेड़मी के लोगों को सड़क मार्ग बिंगसारी से पांच किमी की पैदल दूरी तय करनी पड़ रही है। यही हालत राजस्व गांव नितुषा का भी है। ग्राम पंचायत खेड़मी के प्रधान सुरेंद्र देवजानी के नेतृत्व में लोगों ने ज्ञापन दिया और चेतावनी दी है कि अगर सड़क नहीं बनी तो वो लोग चुनाव का बहिष्कार करेंगे। इस मौके पर सुरपाल, मदन, प्रीतम, प्रेमलाल, अनिल, पुष्पेंद्र, योगेश्वरी आदि मौजूद रहे।

## डुंडा में ऊनी वस्त्र प्रशिक्षण शिविर शुरू

उत्तरकाशी(सं)। बहुउद्देशीय वित्त एवं विकास निगम के सौजन्य से ग्लोबल शिक्षण एवं सेवा संस्थान द्वारा शिल्पी ग्राम योजना के तहत डुंडा में एससी-एसटी वर्ग के 60 प्रशिक्षणार्थियों के लिए तीन माह का निशुल्क ऊनी वस्त्र प्रशिक्षण शिविर सोमवार से शुरू हो गया है। सोमवार को डुंडा में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ गंगोत्री विधायक सुरेश चौहान ने किया। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य परंपरागत शिल्पी कार्य करने वाले ग्रामीणों को प्रशिक्षण देकर आत्म निर्भर बनाना है। उन्होंने सभी प्रशिणार्थियों को इस प्रशिक्षण में बढ़-चढ़कर प्रतिभाग करने की बात कही। समाज कल्याण अधिकारीर सुधीर जोशी ने कहा कि सरकार द्वारा यह योजना चयनित शिल्पी ग्रामों में ही चलाई जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण के बाद विभाग प्रशिक्षणार्थियों को ऋण व अनुदान उपलब्ध करवाता है, जिससे कोई भी अपना व्यवसाय शुरू कर सकता है। मौके पर नंदराम सेमवाल, सोहन पाल राणा, मास्टर ट्रेनर भागीरथी देवी, पिंकेश रावत, जितेन्द्र सिंह, नवीन, साक्षी, सन्तोषी, राजेश सिंह मौजूद रहे।

## डिप्लोमा फर्मासिस्ट एसो. के अजय जोशी बने अध्यक्ष

उत्तरकाशी(सं)। डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन, शाखा उत्तरकाशी का दसवां द्विवार्षिक अधिवेशन विधिवत रूप से संपन्न हो गया। अधिवेशन में संगठन की नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें अजय जोशी को अध्यक्ष एवं जस प्रकाश मटवाण को सचिव बनाया गया। सोमवार को शिवलिंगा के सभागार में आयोजित डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन, शाखा उत्तरकाशी के अधिवेशन का शुभारंभ गंगोत्री विधायक सुरेश चौहान ने किया। उन्होंने सभी कर्मचारियों को स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ बनाने के लिए तत्परता से कार्य को करने की बात कही। वहीं द्वितीय सत्र में चुनाव पर्यवेक्षक पुष्कर सिंह और चुनाव अधिकारी मुकेश नौटियाल की देख-रेख में चुनाव प्रक्रिया सम्पन्न करवाई गयी। जिसमें ऐलम सिंह पंवार को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, रविन्द्र सिंह मेहरा को उपाध्यक्ष, जय प्रकाश मटवान को सचिव, अखिलेश्वर नाथ को संयुक्त मंत्री, मुकेश नाथ को कोषाध्यक्ष, केदार रजवंशी को संगठन मंत्री, दीप्ती राणा को संप्रेक्षक नियुक्त किया गया। जबकि प्रदेश कार्यकारणी के लिए अरविंद जगूड़ी संरक्षक, महावीर सिंह रवांल्टा को सलाहकार, प्रेम भारती उपाध्यक्ष, प्रकाशमणि नौटियाल को प्रवक्ता नामित किया गया। कार्यक्रम के दौरान सीएमओ डा. वीएस रावत ने सिलक्यारा टनल में उत्कृष्ट कार्य करने फार्मासिस्टों को प्रशस्स्ती पत्र देकर सम्मानित किया।

# धूमधाम से मनाया गढ़वाल राइफल्स का स्थापना दिवस

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार :** द्वितीय गढ़वाल राइफल्स के गौरव सैनानियों की ओर से राइफल्स का स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर स्थानीय होटल में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ बटालियन के वयोवृद्ध सदस्य दलीप सिंह चौहान, संरक्षक पदमिन्दर सिंह नेगी और अध्यक्ष मेहरबान सिंह चौहान ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया।

अध्यक्ष मेहरबान सिंह चौहान ने राइफल्स की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। साथ ही उन्होंने संगठन द्वारा गौरव सेनानियों और वीर नारियों की समस्या के समाधान के लिए प्रयास जारी रखने का आश्वासन भी दिया। कार्यक्रम में संगठन द्वारा दलीप सिंह चौहान और नील राणा (सेना मेडल) को फूलमाला एवं अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में गौरव नेगी, वीरेंद्र सिंह, माधव राणा, जसवीर सिंह, विनोद नेगी, अजय नेगी, विक्रम रावत और दुर्गा प्रसाद मौजूद रहे।



आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते सदस्य

## मुआवजा नहीं मिलने पर ग्रामीण करेगें प्रदर्शन

जयन्त प्रतिनिधि।

**पौड़ी :** पाबौ ब्लॉक के बुरांसी-कुल्याणी मोटरमार्ग के निर्माण के दौरान प्रभावित भूमि का मुआवजा नहीं मिलने से बुरांसी गांव के ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों ने डीएम को ज्ञापन देकर जल्द ही मुआवजा दिए जाने की मांग की है। कहा कि मुआवजा नहीं दिए जाने पर बुधवार को प्रदर्शन किया जाएगा।

सोमवार को बुरांसी गांव के ग्रामीणों ने डीएम को ज्ञापन दिया। इस दौरान ग्रामीणों ने कहा कि साल 2014 में बुरांसी-कुल्याणी मोटरमार्ग के निर्माण के दौरान अनुसूचित जाति के किसानों की जमीन का अधिग्रहण किया गया, जिसमें कुछ सिंचित भूमि भी थी, लेकिन अभी तक मुआवजा नहीं मिलने से ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है ग्रामीणों ने जल्द जमीन का मुआवजा देने, गूलों की मरम्मत करने, खेतों पर चेकडेम व पुश्ता निर्माण करने की मांग की। इस मौके पर मनोज कुमार, गोविंद लाल, केशरलाल, जसपाल, विजय, राजेश कुमार, सूरज आदि शामिल थे।

## जनता मिलन कार्यक्रम में डीएम ने सुनीं समस्याएं

उत्तरकाशी(सं)। जन समस्याओं के निराकरण के लिए जिलाधिकारी ने विकास भवन सभागार में आयोजित जन संवाद कार्यक्रम में लोगों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान दर्ज 41 शिकायतों में से 17 का मौके पर निस्तारण किया। शेष शिकायतों को संबंधित विभागों को त्वरित निस्तारण के लिए निर्देशित किया। ललूड़ी की प्रधान शीला भंडारी ने अनुसूचित जाति बाहुल्य ग्राम पंचायत ललूड़ी में सोलर लाइट उपलब्ध कराने, गांव से ब्लॉक मुख्यालय तक जाने के लिए क्षतिग्रस्त पैदल मार्ग के सुधारीकरण, धारतों दला प्रधान देवेंद्र सिंह रावत ने ककोला-शीशी-अमरतोणा कांडा गणेशनगर मोटर मार्ग में धीमी गति से हो रहे निर्माण कार्य की शिकायत, घणतगांव के ग्रामीण भजन लाल, मासंतू लाल, मदन, कुंदी, इंदू लाल आदि ने अनुसूचित जाति बस्ती में पेयजल की समस्या होने, जल जीवन मिशन में योजना से लाभान्वित करने, नगरासू के ग्रामीणों ने रेल विकास निगम द्वारा सिंचाई नहर तथा डंपिंग जोन बनाए जाने से पैदल रास्ता क्षतिग्रस्त होने, नरकोटा उप प्रधान कुलदीप जोशी ने प्राथमिक विद्यालय में अध्यनरत छात्र-छात्राओं की सुरक्षा के दृष्टिगत तारबाड़, विद्यालय मैदान में टाइल्स, प्रवेश द्वार पर गेट लगाने, नरकोटा गांव में जल निकास नालियों के निर्माण करने, दैजीमांडा (खांकरा) निवासी विशालमणी ने मैक्स कंपनी द्वारा उनके आवास के पीछे डंपिंग जोन बनाए जाने, कांडाधार गांव की गौरी देवी व सुमन देवी ने प्रधानमंत्री आवास उपलब्ध कराने, मनसूना के पूरण लाल ने किसान सम्मान निधि व वृद्धावस्था पेंशन न आने की समस्या की शिकायत दर्ज की। इस मौके पर जिलाधिकारी सौरभ गहरवार, मुख्य विकास अधिकारी जीएस खाती, अपर जिलाधिकारी श्याम सिंह राणा, उप जिलाधिकारी रुद्रप्रयाग आशीष घिल्डियाल सहित सभी अधिकारी मौजूद थे।

# लखपति दीदियों को किया सम्मानित

जयन्त प्रतिनिधि।

**थलीसैंण :** थलीसैंण ब्लॉक के सभागार में सोमवार को वर्चुअल माध्यम से प्रधानमंत्री ने लखपति दीदियों के साथ संवाद किया। विकासखंड थलीसैंण के सभागार में यहां मौजूद लोगों ने प्रधानमंत्री के वर्चुअल संवाद को भी देखा और सुना। प्रधानमंत्री ने महिलाओं को समूह के माध्यम से आजीविका संवर्धन हेतु स्वरोजार अपनाने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर खंड विकास अधिकारी टीकाराम कोटियाल ने लखपति दीदियों को सम्मान पत्र भेंटकर सम्मानित किया।

इस अवसर पर प्रेरणा क्लस्टर जलू एवं नारी शक्ति क्लस्टर पैठाणी से मालती देवी, कमला देवी, सरोजनी, पुष्पा देवी, सोनम, कवित, लक्ष्मी, सुमित्रा, रवीना, वीरा देवी, सीमा देवी, किरण, शाकंबरी, सीमा देवी एवं सहायक खंड विकास देवेंद्र खंडूरी, एरिया कोऑर्डिनेटर ज्योति, राहुल, योगेश रावत आदि मौजूद थे।



खंड विकास अधिकारी लखपति दीदी को सम्मानित करते हुए।

# खाद्य पदार्थों के 32 नमूने जांच के लिए भेजे


**नई टिहरी(सं)।** होली के त्योहार और चारधाम यात्रा को देखते हुए खाद्य संरक्षा व औषधि प्रशासन विभाग जनपद के विभिन्न स्थानों में सघन निरीक्षण अभियान चलाकर खाद्य पदार्थों की जांच कर रहा है। निरीक्षण के दौरान खाद्य पदार्थों के 32 नमूने लेकर जांच के लिए लैब भेजे गए। खाद्य संरक्षा और औषधि प्रशासन विभाग के जिला अभिहीत अधिकारी आरएस पाल ने बताया कि आयुक्त खाद्य संरक्षा के निर्देश पर टिहरी जनपद के टिहरी और घनसाली तहसील के दूरस्थ क्षेत्र पडागली, घुत्तु, घनसाली, गुवाणा, कण्डार गांव, धोपड़दार, ज्यून्दाना, कण्डार गांव सहित विभिन्न बाजारों में सघन निरीक्षण अभियान चलाया गया है। इस दौरान बाहरी जनपदों से खाद्य सप्लाई करने वाले वाहनों की चेकिंग के साथ विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों परचून की दुकान, होटल, ढाबा, रेस्टोरेंट, चाय, मिठाई, सब्जी, मांस विक्रेताओं का निरीक्षण किया गया। मौके पर पाई गई कमियों में सुधार के लिए नोटिस जारी किए गए हैं। उन्होंने कहा कि नोटिस का संतोषजनक जवाब न देने पर उचित माध्यम से कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान मिठाई, बेकरी, नमकीन, दूध, मसालों और दालों समेत 32 खाद्य पदार्थों के नमूने जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे गये हैं। जिनकी रिपोर्ट मिलने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान पाई गई एक्सपायरी सामग्री बेसन के 95 पैकेट, नूडल्स के 76 पैकेज, बेकरी प्रोडक्ट के 210 पैकेज, मसाले के 77 पैकेट मौके पर ही नष्ट किए गए। सभी दुकानदारों को खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम का पालन करने और दोबारा लापरवाही पर कड़ी कार्यवाही की चेतावनी दी गई है। निरीक्षण के दौरान वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी टिहरी शारदा शर्मा, बलवन्त सिंह चैहान, सहायक श्रीचन्द कुमाईं आदि मौजूद रहे।

## केदारनाथ पैदल मार्ग से बर्फ हटाने का काम शुरू

रुद्रप्रयाग(सं)।केदारनाथ धाम की यात्रा को सुचारु ढंग से संचालित करवाने में सबसे बड़ी भूमिका पैदल मार्ग से जुड़े विभाग लोनिवि डीडीएमए की है। इसलिए लोक निर्माण विभाग जिला आपदा प्रबंधन ऑथोरिटी द्वारा केदारनाथ पैदल मार्ग से बर्फ हटाने का काम शुरू कर दिया गया है। इसके लिए विभाग द्वारा 50 मजदूर काम में लगाए गए हैं। केदारनाथ धाम तक पहुंचने के लिए गौरीकुंड से केदारनाथ तक 19 किमी पैदल मार्ग में जंगलचट्टी से बर्फ हटाने का काम किया गया। हालांकि दो दिनों से मौसम साफ होने के चलते टीम मुख्य स्थान लिंचौली पहुंच गई है। लिंचौली के बाद केदारनाथ तक 5 किमी बेस कैंप तक बर्फ हटाना विभाग के लिए चुनौती है। हालांकि लोनिवि की टीम लिंचौली पहुंच गई है और यहां रास्ते में गिरे 6 फीट हिमखंड की बर्फ काटकर रास्ता बनाया जा रहा है। आगामी 10 मई से शुरू होने वाली केदारनाथ धाम की यात्रा के लिए पैदल मार्ग पर यात्रियों को आवाजाही में कोई कठिनाई न हो इस लिहाज से लोनिवि डीडीएमए द्वारा पैदल मार्ग की बर्फ हटानी शुरू कर दी गई है।

# पीजी कॉलेज गोपेश्वर में बनेगा ईवीएम स्ट्रांग रूम और मतगणना स्थल

**चमोली(सं)।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 शांतिपूर्ण संपन्न कराने को लेकर जिला प्रशासन सन्निद्दता से तैयारियों में जुटा है। जनपद की तीनों विधानसभा यथा बद्रीनाथ, थराली एवं कर्णप्रयाग के लिए पीजी कॉलेज गोपेश्वर में अलग अलग ईवीएम स्ट्रांग रूम और मतगणना स्थल बनाए जाएंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी हिमांशु खुराना एवं पुलिस अधीक्षक रेखा यादव ने सोमवार को संबंधित अधिकारियों के साथ पीजी कॉलेज में मतगणना स्थल और स्ट्रांग रूम में ईवीएम रखरखाव व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्देशित किया कि पोलिंग के बाद ईवीएम को स्ट्रांग रूम में रखने के साथ आयोग के निर्देशों के अनुसार थ्री लेयर सुरक्षा व्यवस्था और पर्याप्त संख्या में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाए। पोलिंग पार्टियों से निर्वाचन सामग्री एकत्रित करने के लिए अलग-अलग काउंटरों की व्यवस्था की जाए। जिमनेजियम हॉल में पोलिंग पार्टियों के रोकने के लिए वेटिंग एरिया बनाया जाए।



तीनों विधानसभा के मतगणना कक्षों में सुरक्षा की समुचित व्यवस्थाएं की जाए। मतगणना कक्षों की ओर आने जाने वाले मार्ग पर पर्याप्त बैरिकेडिंग के साथ विद्युत, पेयजल, शौचालय की समुचित व्यवस्थाएं भी सुनिश्चित की जाए। पोस्टल बैलट काउंटिंग के लिए जरूरी व्यवस्था की जाए। इस दौरान जिलाधिकारी ने स्ट्रांग रूम एवं मतगणना कक्षों में की जाने वाली विभिन्न व्यवस्थाओं को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक रेखा यादव, अपर जिला निर्वाचन अधिकारी अभिनव शाह, उप जिला निर्वाचन अधिकारी विवेक प्रकाश, लोनिवि के अधिशासी अभियंता आरएस चौहान, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी डीसी सती आदि मौजूद थे।

# सम्पादकीय

## युवा वोट सरकार गठन की बुनियाद

लोकसभा चुनाव का महापर्व अब बस चंद कदम ही दूर है। इस बार भारत के यह संसदीय चुनाव विश्व के सर्वाधिक मतदाताओं की भागीदारी वाले चुनाव के रूप में दर्ज होंगे। भारत निर्वाचन आयोग के मुताबिक इस लोकसभा चुनाव में मतदाता सूची के पुनरीक्षण के बाद छह प्रतिशत नए मतदाता जुड़े हैं। दिलचस्प बात यह है कि नए मतदाताओं में महिलाओं की भागीदारी पुरुषों की तुलना में ज्यादा है। संयोग से देश की कुल आबादी का 66.76 प्रतिशत युवा हैं। यानी अपने मताधिकार का प्रयोग करने वाले वयस्क लोग हैं। निर्वाचन आयोग के आंकड़ों के मुताबिक 18 से 29 साल उम्रवर्ग में दो करोड़ नए मतदाताओं ने रजिस्ट्रेशन कराया है। इसके साथ ही भारत में कुल मतदाताओं का ग्राफ बढ़ कर 96.88 करोड़ तक पहुंच गया है जो पिछले यानी 2019 के आम चुनाव के बाद से छह प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाता है। मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण 2024 के तहत महिलाओं ने पुरुषों के मुकाबले ज्यादा आंकड़ा प्राप्त किया है। इस बार उत्तराखंड में भी एक लाख 29 हजार 62 नए मतदाता का पहली बार प्रयोग करेंगे। उत्तराखंड में कुल 82 लाख 44 हजार के करीब मतदाता हैं जबकि सर्विस वोटरों की संख्या 93,357 है। यानी पहली बार मताधिकार का प्रयोग करने वाले युवाओं को देश के सामने उदाहरण प्रस्तुत करने का उत्तराखंड के आगे अवसर है। वैसे भी वर्ष 2024 के संसदीय चावन को युवा वर्ग का चुनाव माना जा रहा है। देश में एक करोड़ 84 लाख ऐसे मतदाता हैं जो पहली बार लोकतंत्र के महापर्व में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे, जो खुद में एक उपलब्धि है। भारत में पहले आम चुनाव 1952 में हुए थे। तब देश की जनसंख्या 36.1 करोड़ थी और मतदान का प्रतिशत 45.7 रहा था। इसके विपरीत पिछले आम चुनाव में जनसंख्या करीब 135 करोड़ पहुंचने के बाद मतदान का प्रतिशत 67.4 तक पहुंचा था। भारत की अपेक्षा अन्य देशों मे मतदान को एक अनिवार्य विषय बनाया गया है, इसमें अभी हम लोग कोई साहसिक कदम नहीं उठा पाए हैं। हमारी सरकार को भी मतदान को नैतिक कर्तव्यों के साथ अनिवार्य की श्रेणी में रखना चाहिए। यह प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है और इसके लिए जागरूकता होनी ही चाहिए। वर्ष 2014 में 41 प्रतिशत युवाओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया था और इनमें 68 प्रतिशत भागीदारी पहली बार वोट कर रहे युवाओं की थी। वर्ष 2019 में इस आंकड़े में चार प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई। इस दृष्टि से वर्ष 2024 में यह आंकड़ा और अधिक बढ़ने की पूर्ण संभावना है। स्पष्ट है कि मतदान करने वालों का इस वर्ष आंकड़ा बढ़ता यह प्रदर्शित करता है कि वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव युवा वर्ग की ताकत के चुनाव हैं, और युवा वर्ग का मत ही इस बार नई सरकार के गठन का रास्ता साफ करेगा।

## भाजपा के सहयोगियों की चिंता

भारतीय जनता पार्टी ने सहयोगियों की चिंता बढ़ा दी है। वह जिस तरह से एक एक सीट के लिए मोलभाव कर रही है और सभी छोटी पार्टियों को कम सीटों पर समझौता करने के लिए मजबूर कर रही है उससे सहयोगी परेशान हुए हैं। पहले उत्तर प्रदेश में भाजपा ने जयंत चौधरी की राष्ट्रीय लोकदल को दो सीटें दीं और साथ ही सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी व निषाद पार्टी को एक एक सीट देने का फैसला किया तो अब महाराष्ट्र से खबर आ रही है कि भाजपा वहां अजित पवार की असली एनसीपी को सिर्फ चार से पांच सीट देने वाली है।

पहले एनसीपी का दावा 12 सीटों का था। बाद में कहा गया कि आठ सीटें मिलेंगी। फिर जब अमित शाह सीटों के बंटवारे पर बात करने महाराष्ट्र पहुंचे तो कहा गया कि अजित पवार को छह सीटें मिल सकती हैं। लेकिन अब खबर आ रही है कि चार सीटें देने की बात हो रही है।

इसी तरह असली शिव सेना यानी मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे गुट को आठ से 10 सीट देने की बात हो रही है। सोचें, शिंदे गुट के पास 13 लोकसभा सांसद हैं। लेकिन भाजपा उनको आठ से 10 सीट का प्रस्ताव दे रही है। खुद भाजपा 32 से 34 सीट लडऩा चाहती है। उसका प्रस्ताव है कि शिंदे गुट के कुछ सांसदों को वह अपने चुनाव चिन्ह पर लड़ा सकती है। जानकार सूत्रों का कहना है कि बिहार में भी भाजपा की छोटी सहयोगी पार्टियां बिलबिला रही हैं क्योंकि किसी को भी एक से ज्यादा सीट नहीं मिलती दिख रही है।नीतीश कुमार 15 से 16 सीट पर वीटो करके विदेश चले गए। इसका नतीजा है कि जीतन राम मांझी और उपेंद्र कुशवाहा दोनों को एक एक सीट का प्रस्ताव मिल रहा है और एनडीए का दरवाजा खटखटा रहे मुकेश सहनी को भी एक सीट से ज्यादा देने की संभावना नहीं दिख रही है। लोक जनशक्ति पार्टी को पिछली बार छह सीटें मिली थीं लेकिन इस बार उसे दोनों खेमों को मिला कर पांच सीट दिए जाने पर बातचीत हो रही है।सो, हर जगह भाजपा की सहयोगी पार्टियों को समझौता करना होगा। लोकसभा सीट के बदले भाजपा उनको राज्यों में कोई पद दे सकती है। विधानसभा की ज्यादा सीट दे सकती है या जहां विधान परिषद है वहां सीट दे सकती है

# सूची घोषित करती कांग्रेस और सेंध लगाती भाजपा

**अरुण पटेल**

लोकसभा चुनाव में 400 पार की जुगत करने के लिए जहां भाजपा अपने सहयोगियों की संख्या बढ़ाती जा रही है तो वहीं दूसरी ओर कांग्रेस नेताओं का पलायन भी भाजपा की ओर उसी तेजी से हो रहा है। पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी की न्याय यात्रा जहां–जहां से गुजर रही है वहां भी कोई न कोई बड़ा कांग्रेस नेता भाजपा में शामिल हो रहा है। मध्यप्रदेश में भी मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा कांग्रेस के बड़े–बड़े नेताओं को अपनी पार्टी में शामिल करने का अभियान छेड़े हुए हैं ताकि कांग्रेस को मैदान के साथ ही मनोवैज्ञानिक शिकस्त भी दें तथा कांग्रेस नेताओं व कार्यकर्ताओं में जो हार की हताशा से उबरने की कोशिश कर रहे हैं फिर नैराश्य की वादियों में खो जायें। फिलहाल तो छत्तीसगढ़ में कोई दलबदल अभी तक नहीं हुआ है लेकिन लोकसभा चुनाव के चलते इसकी संभावना को नकारा भी नहीं जा सकता क्योंकि भाजपा ऐन केन प्रकारेण कांग्रेस को राजनीतिक फलक पर अप्रासंगिक करने की मुहिम छेड़े हुए है। लेकिन इसके साथ ही कांग्रेस के उन कार्यकर्ताओं व नेताओं में उम्मीद भी जाग रही है कि अब उन्हें अपनी पार्टी में कुछ मौका मिल जाये जिन्हें नेताओं की गणेश परिक्रमा न करने के कारण कोई मौका नहीं मिल पाता था। कांग्रेस ने 39 उम्मीदवारों की जो पहली सूची जारी की है उसमें छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री रहे भूपेश बघेल और अभी तक सबको चुनाव लड़ाने वाले और राज्यसभा के माध्यम से सांसदी का लाभ लेने वाले के. सी.वेणुगोपाल को भी अब लोकसभा चुनाव लडऩा होगा। इस प्रकार कुछ और कांग्रेस नेताओं की अग्नि परीक्षा अब चुनाव में हो सकती है जो अभी तक चुनाव से बचते रहते थे।

**यह दुर्भाग्य की बात है कि कांग्रेस का नेतृत्व ऐसे स्वच्छता व साफ सोच के साथ राजनीति करने वाले नेता जो देश के विकास के लिए राजनीति करते हैं ऐसे लोगों को निराश करता है, ऐसे में कोई भी स्वाभिमानी व्यक्ति कांग्रेस के लिए काम नहीं करना चाहेगा। मैं तो कहूंगा कि राहुल गांधी दो–तीन यात्राएं और निकालें क्योंकि अभी जहां–जहां राहुल गांधी जाते हैं वहां–वहां कांग्रेस साफ होती जा रही है। डॉ. यादव ने कहा कि महात्मा गांधी की भावना को सही साबित करने का काम राहुल गांधी कर रहे हैं, महात्मा गांधी ने कहा था कि आजादी के बाद कांग्रेस को भंग कर देना चाहिए। पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का कहना था कि आज की घटना मध्यप्रदेश की राजनीति की असाधारण घटना है। सुरेश पचौरी जी के संस्कारों का मैं आरंभ से ही कायल था। वह दो–दो पीएम के साथ रहे लेकिन उनके दामन में एक भी दाग नहीं लगा, जिन पदों पर उन्होंने काम किया वहां उन्होंने एक अलग छाप छोड़ी।**

मध्यप्रदेश में कांग्रेस के एक बड़े नेता पूर्व केंद्रीय मंत्री और पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष सुरेश पचौरी ने आज अपने अधिकांश समर्थकों के साथ भाजपा में प्रवेश कर लिया है। जो लोग भाजपा में शामिल हुए हैं उनमें इंदौर के पूर्व कांग्रेसी विधायक विशाल पटेल, संजय शुक्ला और पूर्व सांसद गजेंद्र सिंह राजूखेड़ी, समाजवादी पार्टी के पूर्व विधायक और अब कांग्रेस नेता बने अर्जुन पलिया, पाठ्य पुस्तक निगम के अध्यक्ष रहे आलोक चंसोरिया, भोपाल नगर पालिक निगम के सभापति रहे कैलाश मिश्रा तथा योगेश शर्मा, अतुल शर्मा, सुभाष यादव, दिनेश ढिमोले, जसपाल सिंह अरोरा शामिल हैं। इस अवसर पर सुरेश पचौरी ने कहा कि भगवान श्रीराम जी की प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन हो रहा था जिसके निमंत्रण पत्र को अमर्यादित भाषा का इस्तेमाल कर जब ठुकरा दिया गया तब मुझे आघात पहुंचा, मैं अयोध्या में राम मंदिर का पक्षधर आरंभ से रहा हूं, निमंत्रण पत्र को अस्वीकार करने की आवश्यकता नहीं थी। मैं स्वामी शंकराचार्य स्वरुपानंद का दीक्षित शिष्य हूं मुझे तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने भेजा कि जाओ शंकराचार्य जी से पूछ कर आओ कि क्या करना है, तो उन्होंने कहा कि अयोध्या में शिलान्यास हो और मंदिर बने। सितम्बर 1999 में राजीव जी ने जवाब दिया कि तदानुसार काम हो फिर हम तत्कालीन गृहमंत्री बूटासिंह के साथ गये और वहां शिलान्यास किया। वहां अशोक सिंघल जी भी थे, फिर अब निमंत्रण पत्र अस्वीकार करने की आवश्यकता कहां से पड़ गयी। राम मंदिर का ताला खुलना, शिलान्यास होना किसके कार्यकाल में हुआ यह बोला जा सकता था।

भाजपा में उपरोक्त नेताओ को शामिल करने के अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि आज का दिन वास्तव में एक नया इतिहास बनने जा रहा है। वैसे तो सबको आहट थी कि जहां–जहां राहुल गांधी जाते हैं वहां कांग्रेस के काम करने के तरीके का असर आता है। अच्छे स्थापित स्वच्छता के साथ राजनीति करने वाले, मन की भावनाओं के आधार पर काम करने वाले नेता हर दल के अंदर होते हैं लेकिन साफ–सुथरी राजनीति करने वालों को काम करने की अनुकूलता देना, मौका देना, यह नेतृत्व पर निर्भर करता है। यह दुर्भाग्य की बात है कि कांग्रेस का नेतृत्व ऐसे स्वच्छता व साफ सोच के साथ राजनीति करने वाले नेता जो देश के विकास के लिए राजनीति करते हैं ऐसे लोगों को निराश करता है, ऐसे में कोई भी स्वाभिमानी व्यक्ति कांग्रेस के लिए काम नहीं करना चाहेगा। मैं तो कहूंगा कि राहुल गांधी दो–तीन यात्राएं और निकालें क्योंकि अभी जहां–जहां राहुल गांधी जाते हैं वहां–वहां कांग्रेस साफ होती जा रही है। डॉ. यादव ने कहा कि महात्मा गांधी की भावना को सही साबित करने का काम राहुल गांधी कर रहे हैं, महात्मा गांधी ने कहा था कि आजादी के बाद कांग्रेस को भंग कर देना चाहिए। पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का कहना था कि आज की घटना मध्यप्रदेश की राजनीति की असाधारण घटना है। सुरेश पचौरी जी के संस्कारों का मैं आरंभ से ही कायल था। वह दो–दो पीएम के साथ रहे लेकिन उनके दामन में एक भी दाग नहीं लगा, जिन पदों पर उन्होंने काम किया वहां उन्होंने एक अलग छाप छोड़ी। कांग्रेस का दुर्भाग्य है कि वह एक दिशाहीन नेता के नेतृत्व में काम कर रही है। यह अदभुत समय है जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के पीछे पूरा हिंदुस्तान खड़ा है, पचौरीजी मेरे सीनियर रहे हैं, मैं उनका जूनियर रहा हूं।

# भाजपा को गठबंधन का सहारा

**हरिशंकर व्यास**




उत्तर प्रदेश की अमेठी सीट पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी को हराने वाली भाजपा की नेता और केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने चुनौती दी है कि कांग्रेस या राहुल गांधी कभी सपा या बसपा का समर्थन लिए बगैर लड़ कर दिखाएं। सोचें, यह बात भाजपा कह रही है, जिसने विपक्षी गठबंधन के मुकाबले दिल्ली में 38 पार्टियों को इक्ा किया था और दिखाया था कि उसके पास ज्यादा पार्टियां हैं। भाजपा देश भर में खोज खोज कर छोटी बड़ी पार्टियों से तालमेल कर रही है।

दूसरी पार्टियों से खोज खोज कर नेता निकाल रही है और उनको भर्ती मेला लगा कर अपनी पार्टी में शामिल करा रही है। उसके नेता दूसरी पार्टियों को चुनौती दे रहे हैं कि वे बिना गठबंधन के राजनीति करके दिखाएं! यह मौजूदा भारतीय राजनीति की विडम्बना है।

बहरहाल, भाजपा इस बार 370 सीटें जीतने का दावा कर रही है लेकिन असल में उसका लक्ष्य 272 सीटों के जादुई आंकड़े तक पहुंचने का है और इसके लिए उसके पास सिर्फ गठबंधन का सहारा है। प्रधानमंत्री के तमाम जादू और करिश्मे के बावजूद भाजपा अपने दम पर सिर्फ गिने चुने राज्यों में ही चुनाव लड़ रही है। कर्नाटक में जहां उसने पिछले चुनाव में अपने दम पर 25 सीटें जीती थीं और उसके समर्थन से एक निर्दलीय उम्मीदवार भी जीती थीं वहां भी उसे जनता दल एस से तालमेल की जरुरत पड़ गई है।

वह तीन या चार सीट देकर जेडीएस के साथ चुनाव लड़ रही है। आंध्र प्रदेश में पिछली बार उसे एक फीसदी से भी कम वोट मिले थे और पूरे पांच साल पार्टी ने जगन मोहन रेड्डी के प्रति सद्भाव रखा। लेकिन अब टीडीपी और जन सेना पार्टी के साथ तालमेल किया जा रहा है ताकि खाता खुल सके। तमिलनाडु में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अन्ना डीएमके के संस्थापक एमजी रामचंद्रन की खूब तारीफ करके तालमेल का रास्ता बनाने का प्रयास किया लेकिन अन्ना डीएमके तैयार नहीं हुई। सो, तमिल मनीला कांग्रेस जैसी कुछ छोटी पार्टियों से भाजपा तालमेल कर रही है।

उसने बिहार में जैसे तैसे नीतीश कुमार के साथ तालमेल किया। भाजपा के तमाम शीर्ष नेता रोज नीतीश को कोसते थे और कहते थे कि उनके लिए खिडक़ी, दरवाजे सब बंद हैं। लेकिन फिर अपनी बात से पलटते हुए भाजपा ने न सिर्फ नीतीश को साथ लिया, बल्कि उनको मुख्यमंत्री भी बनाया। उनके साथ आ जाने के बावजूद भाजपा लोक जनशक्ति पार्टी के दोनों नेताओं चिराग पासवान और पशुपति पारस को साथ रखना चाह रही है और साथ ही उपेंद्र कुशवाहा और जीतन राम मांझी से भी तालमेल कर रही है। इतना ही नहीं मुकेश सहनी की पार्टी को भी साथ लेने के प्रयास हो रहे हैं।

झारखंड में आजसू के साथ तालमेल में पार्टी एक सीट छोड़ रही है। उत्तर प्रदेश में पहले उसके साथ सिर्फ एक पार्टी अपना दल का तालमेल था, लेकिन अब चार पार्टियों से तालमेल हो गया।

उधर महाराष्ट्र में पिछली बार भाजपा और शिव सेना ने मिल कर राज्य की 48 में से 41 सीटें जीती थीं लेकिन बाद में शिव सेना अलग हो गई। भाजपा ने शिव सेना में विभाजन का राजनीति की, जिसके बाद एकनाथ शिंदे अलग हुए और उनके खेमे को असली शिव सेना की मान्यता मिली।

इसी तरह शरद पवार की एनसीपी टूटी तो अजित पवार खेमे को असली एनसीपी माना गया। अब भाजपा इन दोनों कथित असली पार्टियों के साथ तालमेल कर रही है और फिर भी पिछली बार का प्रदर्शन दोहराने के भरोसे में नहीं है। चुनाव पूर्व सर्वेक्षणों में महा विकास अघाड़ी यानी कांग्रेस, उद्धव ठाकरे और शरद पवार की पार्टियों को बढ़त बताई जा रही है। ऐसे ही पंजाब में अपनी दो सीटें बचाने के लिए भाजपा एक बार फिर अकाली दल के साथ तालमेल की बात कर रही है।

## आयकर विभाग ने टैक्स का पूरा भुगतान नहीं करने वालों का पता लगाया, 15 मार्च तय की समयसीमा

**नई दिल्ली ,(एजेंसी)।** वित्त मंत्रालय ने कहा कि आयकर विभाग ने कुछ ऐसे व्यक्तियों और संस्थाओं की पहचान की है, जिनका वित्तीय वर्ष 2023–24 के लिए टैक्स का भुगतान वित्तीय लेनदेन के अनुरूप नहीं है।

विभाग एक एडवांस टैक्स ई–कैम्पेन चला रहा है, जिसका मकसद ऐसे व्यक्तियों/संस्थाओं को महत्वपूर्ण वित्तीय लेनदेन के बारे में ईमेल के माध्यम से सूचित करना है जिन्होंने टैक्स नहीं भरा है। उनसे आग्रह किया गया है कि वे अपनी देनदारी की सही गणना करें और 15 मार्च को या उससे पहले एडवांस टैक्स की देय राशि जमा करें। आधिकारिक बयान में कहा गया है कि आयकर विभाग विभिन्न स्त्रोतों से करदाताओं के वित्तीय लेनदेन की जानकारी प्राप्त करता है। पारदर्शिता बढ़ाने के लिए, यह जानकारी वार्षिक सूचना विवरण (एआईएस) मॉड्यूल में परिलक्षित होती है और व्यक्तियों/संस्थाओं को देखने के लिए उपलब्ध है। महत्वपूर्ण लेनदेन का विवरण देखने के लिए, व्यक्ति/संस्थाएं अपने ई–फाइलिंग अकाउंट में लॉग इन कर सकते हैं और अनुपालन पोर्टल पर जा सकते हैं। इस पोर्टल पर, महत्वपूर्ण लेनदेन देखने के लिए ई–अभियान टैब का उपयोग किया जा सकता है।

## इलेक्टोरल बॉन्ड को लेकर सुप्रीम कोर्ट सख्त, एसबीआई को लगाई फटकार; 24 घंटे के अंदर जानकारी देने का आदेश

**नई दिल्ली ,(एजेंसी)।** इलेक्टोरल बॉन्ड मामले में सुप्रीम कोर्ट ने एसबीआई को जमकर फटकार लगाई है। इसके साथ ही कोर्ट ने भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की याचिका को भी खारिज कर दिया है। बता दें कि एसबीआई ने एक याचिका दायर कर भारत के चुनाव आयोग को चुनावी बांड का विवरण जमा करने के लिए 30 जून तक समय बढ़ाने की मांग की थी। सुप्रीम कोर्ट ने एसबीआई से फटकार लगाते हुए 12 मार्च को कामकाजी समय समाप्त होने तक चुनावी बांड के विवरण का खुलासा करने को कहा है। इसके साथ ही चुनाव आयोग को ये जानकारी 15 मार्च शाम 5 बजे तक पोर्टल पर सार्वजनिक करनी होगी।दरअसल, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की ओर से पेश वरिष्ठ वकील हरीश साल्वे ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि बैंक को भारत के चुनाव आयोग को चुनावी बांड का विवरण जमा करने के लिए अतिरिक्त समय की आवश्यकता है। साल्वे ने कहा कि एसबीआई की एकमात्र समस्या यह है कि वह पूरी प्रक्रिया को उलटने की कोशिश कर रहा है। एसओपी ने सुनिश्चित किया कि हमारे कोर बैंकिंग सिस्टम और बांड नंबर में खरीदार का कोई नाम नहीं था। हमें बताया गया कि इसे गुप्त रखा जाना चाहिए।

## मप्र में तबादला–फैक्ट्री की 100 की स्पीड : जीतू पटवारी

**भोपाल ,(एजेंसी)।** मध्य प्रदेश में प्रशासनिक स्तर पर हो रहे बदलाव को लेकर कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी ने तंज कसा है और कहा है कि राज्य में तबादला–फैक्ट्री की 100 की स्पीड है। पटवारी ने सोमवार को एक्स पर लिखा, मध्य प्रदेश में भाजपा सरकार के 100 दिन होने वाले हैं! शुरुआत के 100 दिनों में ही 'तबादला–फैक्ट्री' 100 की स्पीड से दौडने़ लगी है और कहीं हो न हो, इस मामले में मध्यप्रदेश 'आत्मनिर्भर' हो चुका है! रविवार को फिर छह आईएएस और दो आईपीएस के ट्रांसफर किए गए। मसला यह बिल्कुल नहीं है कि ट्रांसफर क्यों किए गए? सवाल सिर्फ यह है कि ट्रांसफर को लेकर जिस तरह का दबाव हो रहा है, ऐसा पहले नहीं था।पटवारी ने आगे लिखा, मैं फिर दोहरा रहा हूं, सरकार के सूत्र ही बता रहे हैं कि सचिवालय में घूम रहे कोर्डिनेटर्स में किंग बनने का खुला कम्पटीशन चल रहा है। फिलहाल सभी को राहत इस बात से बहुत ज्यादा है कि सभी की सुनवाई भी हो रही है! लोकसभा चुनाव आचार संहिता की आड़ में सारे भाजपाई तबादला करवाने में लग गए हैं। जिलों से सिफारिश कर संभाग तक आई सूची को ग्वालियर, चंबल, इंदौर, उज्जैन, भोपाल, नर्मदापुरम, सागर, रीवा, शहडोल, जबलपुर में अंतिम रूप दिया जा रहा है।

# प्रधानमंत्री आज करेगें विभिन्न रेलवे परियोजनाओं का शिलान्यास/उद्घाटन

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**नई दिल्ली :** भारतीय रेल भारत में प्रमुख राष्ट्रीय रेल परिवहन का माध्यम होने के साथ ही साथ भारत के परिवहन बुनियादी ढांचे का भी एक अभिन्न अंग है। देश के रेलवे परिदृश्य में महत्वपूर्ण बदलाव हो रहे हैं। भारतीय रेल में उल्लेखनीय बदलाव लाने के लिए 85000 करोड़ रुपये से अधिक की रेल परियोजनाओं को मंगलवार को लांच किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 10 नई वंदे भारत रेलगाड़ियों को भी हरी झंडी दिखाएंगे तथा चार मौजूदा वंदे भारत रेलगाड़ियों को यात्रा विस्तार देगें, दो नई यात्री रेलगाड़ियों की शुरुआत तथा सात नई मालगाड़ियों का उद्घाटन करेंगे। इसमें उत्तर रेलवे को चार वंदे भारत एक्सप्रेस रेलगाड़ियों की सौगात मिलेगी। इससे देश में रेल बुनियादी ढांचे और कनेक्टिविटी में उल्लेखनीय वृद्धि होगी।

उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक शोभन चौधुरी ने सोमवार को बड़ौदा हाउस नई दिल्ली में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में मंगलवार को लांच की जाने वाली विभिन्न परियोजनाओं जिनका प्रधानमंत्री द्वारा राष्ट्र को समपर्ण/शिलान्यास/उद्घाटन किया जाएगा के बारे में बताया। शोभन चौधुरी ने मीडियाकर्मियों को बताया कि प्रधानमंत्री

### उत्तर रेलवे को चार नई वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनें मिलेंगी

नरेंद्र मोदी 2 माल गोदाम, जन औषधि केंद्र, एक रेल कोच रेस्तरां, आनंद विहार-तिलक ब्रिज तीसरी और चौथी रेल लाइन, 48 एक स्टेशन एक उत्पाद आउटलेट, 17 डीएफसी (कार्गो हैंडलिंग पॉइंट) का लोकार्पण करेंगे तथा आनंद विहार में वॉशिंग कम पिट-लाइनों पर कवर शेड के प्रावधान सहित रखरखाव सुविधाओं के उन्नयन की आधारशिला रखेंगे। बिजवासन में एम एंड पी और प्रशिक्षण सुविधाओं आदि के लिए डिपो सहित, वीबीई रखरखाव के रूप में रखरखाव बुनियादी ढांचे का उन्नयन /विकास प्रावधान और आनंद विहार में वंदे भारत स्लीपर ट्रेनों के रखरखाव के लिए एक ट्रेन सेट डिपो की स्थापना भी करेगें। प्रधानमंत्री लखनऊमंडल की 10 गुड शेड, गतिशक्ति कार्गो टर्मिनल, 22 एक स्टेशन एक उत्पाद परियोजनाएं, 2 रेल कोच रेस्तरां, अकबरपुर-बाराबंकी रेल सेक्शन का दोहरीकरण, जौनपुर-अकबरपुर रेल सेक्शन का दोहरीकरण और अन्नुपुर-कटनी तीसरी रेल लाइन शामिल हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी यूनिवर्सल कोचिंग रखरखाव सुविधा के निर्माण की आधारशिला रखेंगे और लखनऊ और पटना के बीच नई वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाएंगे। प्रधानमंत्री गतिशक्ति कार्गो टर्मिनल, जन औषधि रोजा-सीतापुर-बुढ़वल रेल सेक्शन का दोहरीकरण, 06 माल गोदाम, 23 एक स्टेशन एक उत्पाद परियोजनाएं, और 7 डीएफसी (कार्गो हैंडलिंग पॉइंट) का लोकार्पण करेंगे। वे देहरादून और लखनऊ के बीच नई वंदे भारत एक्सप्रेस को भी हरी झंडी दिखाएंगे। प्रधानमंत्री अम्बाला मंडल की गतिशक्ति कार्गो टर्मिनल, 08 गुड्स शेड, राजपुरा-बठिंडा रेल सेक्शन का दोहरीकरण, 13 एक स्टेशन एक उत्पाद परियोजनाएं और 13 डीएफसी (कार्गो हैंडलिंग पॉइंट) राष्ट्र को समर्पित करेंगे। प्रधानमंत्री फिरोजपुर मंडल की गति शक्ति कार्गो टर्मिनल, 04 गुड्स शेड, 02 जन औषधि केन्द्रों, 02 रेल कोच रेस्तरां, 36 एक स्टेशन एक उत्पाद परियोजनाएं, के समर्पण से लाभान्वित होगा। साथ ही अमृतसर में वंदे भारत चेयर कार अनुरक्षण डिपो में रखरखाव बुनियादी ढांचे के उन्नयन के लिए आधारशिला रखी जायेगी।

## केंद्र को चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति करने से रोकने के लिए सुप्रीम कोर्ट में याचिका

**नई दिल्ली ,(एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर कर चुनाव आयोग में रिक्त पदों पर वर्तमान कानून के अनुसार नियुक्तियां करने से केंद्र सरकार को रोकने की मांग की गई है। वर्तमान कानून भारत के मुख्य न्यायाधीश को मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) और अन्य चुनाव आयुक्तों (ईसी) की नियुक्ति की प्रक्रिया से बाहर करता है।गौरतलब है कि चुनाव आयुक्त अरुण गोयल ने नौ मार्च को अपने पद से इस्तीफा दे दिया था।आवेदन में शीर्ष अदालत की मार्च 2023 की संविधान पीठ के फैसले के अनुसार चुनाव आयोग के सदस्यों की नियुक्ति का निर्देश देने की मांग की गई है। इसमें प्रधानमंत्री, लोकसभा में नेता विपक्ष (एलओपी) और भारत के मुख्य न्यायाधीश के पैनल की सलाह पर चुनाव आयोग के शीर्ष अधिकारियों की नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा करने की बात कही गई है।कांग्रेस नेता जया ठाकुर ने मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्त (नियुक्ति, सेवा की स्थिति और पद ग्रहण की अवधि) अधिनियम, 2023 की वैधता को चुनौती देते हुए जनहित याचिका दायर की है।केंद्रीय कानून और न्याय मंत्रालय द्वारा जारी गजट अधिसूचना के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट के समक्ष कई जनहित याचिकाएं दायर की गईं हैं। इस अधिसूचना में कहा गया है कि प्रधान मंत्री, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष व प्रधानमंत्री द्वारा नामित एक केंद्रीय कैबिनेट मंत्री से मिलकर बनी चयन समिति की सिफारिश पर भारत के राष्ट्रपति द्वारा सीईसी और ईसी की नियुक्ति की जाएगी।

## केंद्रीय मंत्री वीके सिंह व किशन रेड्डी करेंगे पीएमके के नेताओं से मुलाकात

**चेन्नई ,(एजेंसी)।** केंद्रीय मंत्री वी.के. सिंह और जी.किशन रेड्डी सोमवार को पट्टाली मक्कल काची (पीएमके) नेताओं से मुलाकात करने चेन्नई पहुंचे। पीएमके अध्यक्ष अंबुमणि रामदास के आवास पर होने वाली बैठक में केंद्रीय मत्स्य पालन राज्य मंत्री एल. मुरुगन और तमिलनाडु भाजपा अध्यक्ष के. अन्नामलाई भी शामिल होंगे।भाजपा नेतृत्व चाहता है कि शक्तिशाली वन्नियार समुदाय की राजनीतिक शाखा पीएमके, तमिलनाडु में एनडीए में शामिल हो।तमिलनाडु की प्रमुख विपक्षी पार्टी एआईएडीएमके पीएमके को लुभाने की कोशिश कर रही है और पहले ही 12 लोकसभा सीटें और एक राज्यसभा सीट की पेशकश कर चुकी है।भाजपा नेतृत्व भी पीएमके को इसी तरह के पैकेज की पेश-ाकश कर सकता है। वह अंबुमणि रामदास को केंद्रीय मंत्रिमंडल में पद की भी पेशकश कर सकता है।

अंबुमणि रामदास वर्तमान में राज्यसभा के सदस्य हैं और अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री थे।

अब यह देखना है कि अंबुमणि रामदॉस अपने पिता और पार्टी के संस्थापक एस. रामदॉस को कैसे मनाते हैं, जो एआईएडीएमके के साथ गठबंधन को प्राथमिकता दे रहे हैं।

# कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने भाजपा–आरएसएस पर बोला हमला; कहा, संविधान बदलने की कर रहे साजिश




**नई दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) पर हमला करते हुए कहा है कि दोनों बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के संविधान को खत्म कर देश का संविधान बदलने की साजिश कर रहे हैं, इसलिए लोकसभा चुनाव में दो तिहाई बहुमत हासिल कर सरकार बनाना चाहते हैं।

श्री खडगे ने सोमवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि भाजपा का सांसद खुलेआम कहता है कि पार्टी को संविधान बदलने के लिए लोकसभा में 400 का आंकड़ा चाहिए। उनका कहना था कि भाजपा इस बयान को गलत मानती है, तो उसे ऐसा कहने वाले सांसद को पार्टी से निकाल देना चाहिए। उन्होंने कहा "मुझे बड़े दुख के साथ कहना पड़ रहा है कि भाजपा ने संविधान को सम्पूर्ण तरीके से स्वीकार नहीं किया है। एक तरफ प्रधानमंत्री कहते हैं– संविधान नहीं बदला जाएगा, दूसरी तरफ वो अपने सांसद से कहलवाते हैं कि संविधान बदलने के लिए हमें दो तिहाई बहुमत चाहिए।"

उन्होंने कहा, "देश को आजादी दिलाने और संविधान बनाने में आरएसएस–भाजपा का कोई योगदान नहीं हैं। ये तिरंगे झंडे का भी विरोध करते रहे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हमेशा डॉ.अम्बेडकर की बात करते हैं, लेकिन उनके उसूलों को नहीं मानते हैं। अगर मानते तो संविधान बदलने की बात करने वाले लोगों को पार्टी से निकाल देते। भाजपा सामाजिक न्याय के खिलाफ है। जिस संविधान ने सभी को हक और आजादी दी उसे ही बदलने की बात आज भाजपा कर रही है। भाजपा हमेशा कांग्रेस पार्टी की आलोचना करती रहती है, क्योंकि हमने संविधान में लिखने बोलने की आजादी दी है।"

श्री खडगे ने कहा, "डॉ.अम्बेडकर ने देश को जो संविधान दिया उसे भाजपा के लोगों द्वारा नकारा गया। देश के गरीबों का हक छीनने के लिए भाजपा ऐसी कोशिशें कर रही है। देश की संस्थाओं को भी भाजपा एक–एक करके खत्म कर रही है। कैग भी इनमें से एक है। कैग रिपोर्ट से पता चलता है कि केंद्र और राज्य की भाजपा सरकारों ने 8,50,000 करोड़ रुपए का घोटाला किया है, लेकिन भाजपा मानने को तैयार नहीं है। हम वीवीपैट का मुद्दा लेकर चुनाव आयोग के पास भी गए, लेकिन उसका भी हमें कोई जवाब नहीं मिला।"

उन्होंने कहा, "एसबीआई द्वारा इलेक्टोरल बॉन्ड का डेटा देने के लिए 4 महीने का समय मांगना, इस बात को साबित करता है कि मोदी सरकार अपनी काली करतूतों पर पर्दा डालने की कोशिश कर रही है।

अगर एसबीआई के पास डेटा है तो लिस्ट निकालिए फिर छिपाना क्यों है। लेकिन भाजपा सरकार ये जानकारी चुनाव से पहले सामने नहीं आने देना चाहती।"

# भारत–मॉरीशस के संबंधों को मिलेगी और मजबूती, तीन दिवसीय दौरे पर रवाना हुईं राष्ट्रपति मुर्मु

**नई दिल्ली ,(एजेंसी)।** भारत और मॉरीशस के संबंधों को बढ़ावा देने के मकसद से राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 11 से13 मार्च तक मॉरीशस दौरे पा रहेंगी। यहां वो 'राष्ट्रीय दिवस समारोह' में विशेष अतिथि के रूप में शिरकत करेंगी। 12 जनवरी को होने जा रहे इस समारोह में भारतीय जल सेना का दस्ता हिस्सा लेगा। इसके अलावा इसमें भारतीय नौसेना के पहले प्रशिक्षण स्क्वाड्रन के दो जहाज झ्र आईएनएस तीर और सीजीएस सारथी हिस्सा लेकर इसकी शोभा बढ़ाएंगे।विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने अपने सोशल मीडिया एक्स अकाउंट पर पोस्ट कर कहा, यह कदम भारत और मॉरिशस के संबंधों को प्रगाढ़ करने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू मॉरिशश के दौरे पर जाएंगी। राष्ट्रपति विशेष अतिथि के रूप में राष्ट्रीय दिवस समारोह में भी हिस्सा लेंगी। इस दौरे के दौरान राष्ट्रपति मॉरिशस के प्रधानमंत्री प्रविंद जुगनॉथ के साथ मिलकर 14 भारत समर्थित परियोजनाओं का भी उद्घाटन करेंगी। यह भारत की विकास साझेदारी के बढ़ते विस्तार और बहुआयामी स्वरूप को प्रदर्शित करता है।राष्ट्रपति मुर्मू से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जुगनॉथ के साथ मिलकर अगालेगा द्वीप में छह अन्य सामुदायिक विकास परियोजनाओं के साथ हवाई पट्टी और एक घाट का उद्घाटन किया था। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जयसवाल ने पिछले हफ्ते कहा था, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू छठी ऐसी राष्ट्रपति हैं, जो 2000 के बाद से 'राष्ट्रीय दिवस' पर विशेष अतिथि के रूप में शिरकत करने जा रही हैं। राष्ट्रपति का मॉरिशस दौरा दोनों देशों के बीच बहुकालीन और चिरस्थायी रिश्ते को रेखांकित करता है।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू इस दौरान अपनी समकक्ष पृथ्वीराजसिंग रूपन और प्रधानमंत्री जुगनॉथ के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगी। इसके अलावा, वह मॉरीशस नेशनल असेंबली के अध्यक्ष, मॉरीशस सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश और अन्य महत्वपूर्ण मॉरीशस नेताओं से मुलाकात करेंगी। विदेश मंत्रालय की एक विज्ञप्ति के अनुसार, राष्ट्रपति उन प्रमुख द्विपक्षीय समझौतों के आदान–प्रदान के भी गवाह बनेंगी जो दोनों देशों के बीच मजबूत द्विपक्षीय संस्थागत सहयोग और क्षमता निर्माण सहयोग को मजबूत करना चाहते हैं।

## बीजेपी की केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक आज, लोकसभा उम्मीदवारों की दूसरी लिस्ट पर लगेगी मुहर

**नई दिल्ली ,(एजेंसी)।** भाजपा की केंद्रीय चुनाव समिति (सीईसी) की दूसरी बैठक सोमवार शाम को हो सकती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मौजूदगी में होने वाली बैठक में पार्टी 125 से ज्यादा लोकसभा सीटों पर पार्टी के उम्मीदवारों के नामों पर चर्चा करगी।बताया जा रहा है कि बैठक में गुजरात, मध्य प्रदेश, तेलंगाना, हरियाणा और कर्नाटक सहित कई अन्य राज्यों की लोकसभा सीटों पर चर्चा होगी। अगर बिहार, महाराष्ट्र और आंध्र प्रदेश में सहयोगी दलों के साथ सीट बंटवारे के फॉर्मूले पर सहमति बन जाती है, तो इन राज्यों की लोकसभा सीटों पर भी उम्मीदवारों के नाम पर आज की बैठक में विचार किया जा सकता है।गौरतलब है कि इससे पहले दो मार्च को भाजपा ने अपने 195 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की थी।

# ऑस्ट्रेलिया ने न्यूजीलैंड को तीन विकेट से हराया, 2–0 से जीती सीरीज

**क्राइस्टचर्च, एजेंसी।** एलेक्स कैरी के नाबाद 98 रन, और मिचेल मार्श की 80 रनों की शानदार अर्धशतकीय पारियों के दम पर दूसरे टेस्ट मैच में 77 रन पर चार विकेट गंवाने के बाद संकट से जूझ रही ऑस्ट्रेलिया ने न्यूजीलैंड पर तीन विकेट से जीत दर्ज करते हुए सीरीज 2–0 से अपने नाम कर ली है। टेस्ट मैच के चौथे दिन सुबह के सत्र में ऑस्ट्रेलिया ने ट्रैविस हेड 25 रन का विकेट गंवा दिया था और ऐसा लग रहा था कि यहां ऑस्ट्रेलिया की जीत मुश्किल होगी। लेकिन इसके बाद एलेक्स कैरी और मिचेल मार्श धैर्यपूर्ण शानदार बल्लेबाजी का मुजाहिरा करते हुए छठे विकेट लिए 140 रन जोड़े।

मिचले मार्श ने 102 गेंदों में आठ चौके और एक छक्के की मदद से 80 रन बनाए। उन्हें सीयर्स ने पगबाधा आउट किया। ऑस्ट्रेलिया ने 65 ओवर में सात विकेट पर 281 रन बनाकर मुकाबला तीन विकेट से जीत लिया। इसी के साथ ऑस्ट्रेलिया ने टेस्ट सीरीज 2–0 से अपने नाम कर ली है। न्यूजीलैंड की ओर से बेन सीयर्स ने चार विकेट लिए। मैट हेनरी को दो विकेट मिले। टिम साउदी ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

इससे पहले न्यूजीलैंड ने दूसरी पारी में रचिन रविंद्र 82 रन, टॉम लेथम 73 रन, केन विलियमसन 51 रनों की अर्धशतकीय पारियों और स्कॉट कुग्गेलिन की 44 रनों की बदौलत 372 रन का स्कोर खड़ा कर ऑस्ट्रेलिया को जीत के लिए 279 रन का लक्ष्य दिया था। पैट कमिंस ने चार विकेट लिये। नेथन लायन को तीन विकेट मिले। मिचेल स्टार्क, जॉश हेजलवुड




और कैमरुप ग्रीन ने एक–एक बल्लेबाज को आउट किया। ऑस्ट्रेलिया ने तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक 77 रन पर चार विकेट गंवाकर संघर्ष कर रही थी।

ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने के कप्तान पैट कमिंस के फैसले के सही साबित किया और उसने जोश हेजलवुड और मिचेल स्टार्क की शानदार गेंदबाजी के दम पर दूसरे टेस्ट मैच के पहले दिन न्यूजीलैंड को 162 रन पर समेट दिया। सुबह के सत्र में बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड की शुरुआत खराब रही और उसने 84 रन अपने पांच विकेट गंवा दिये। हेजलवुड ने सलामी बल्लेबाज टॉम लेथम 38 रन, विल यंग 14 रन बनाये और उन्होंने मिचेल स्टार्क ने आउट किया। केन विलियम्स 17 रन, राचिन रवींद्रन चार रन और डेरिल मिशेल चार रन को पवेलियन भेज दिया। टॉम ब्लंडेल 22 रन, ग्लेन फिलिप्स दो रन, मैट हेनरी 29 रन, कप्तान टिम साउदी 26 रन बनाकर आउट हुये। न्यूजीलैंड की पूरी टीम 45.2 ओवर में 162 रन पर सिमट गई।

ऑस्ट्रेलिया की ओर से जोश हेजलवुड को पांच विकेट मिले। मिचेल स्टार्क ने तीन विकेट लिये। पेट कमिंस और कैमरुन ग्रीन ने एक–एक बल्लेबाज को आउट किया। इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत भी खराब रही और उसने 32 के स्कोर पर अपने दो विकेट गंवा दिए।

स्टीवन स्मिथ 11 रन, उस्मान ख्वाजा 16 रन बनाकर आउट हुये। इसके बाद ट्रेविस हेड 21 रन, कैमरुन ग्रीन 25 बनाकर पवेलियन लौट गए। मार्नस लाबुशेन ने 90रनों की पारी खेली। नेथन लायन 20 रन, एलेक्स कैरी 14 रन, मिचेल स्टार्क 28 रन और कप्तान पैट कमिंस 23 रन बनाकर आउट हुये। ऑस्ट्रेलिया पहली पारी में 256 रन ही बना सकी। हालांकि उसे पहली पारी के आधार पर 94 रनों की बढ़त मिल गई। न्यूजीलैंड की ओर से मैट हेनरी ने सात विकेट लिए। टिम साउदी, बेन सीयर्स और ग्लेन फिलिप्स ने एक–एक बल्लेबाज को आउट किया।

## न्यूजीलैंड बनाम ऑस्ट्रेलियाः एलेक्स केरी अपने दूसरे टेस्ट शतक से चूके

**नईदिल्ली, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम और न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के बीच खेले गए दूसरे टेस्ट मैच में एलेक्स केरी ने कमाल की पारी (98*) खेली है।वह सिर्फ 2 रन से अपना दूसरा शतक बनाने से चूक गए। हालांकि, उन्होंने अपनी टीम को जीत तक पहुंचाया। यह उनके करियर का 8वां अर्धशतक रहा।पहली पारी में वह सिर्फ 14 रन बनाकर पवेलियन लौट गए थे।ऐसे में आइए उनकी पारी और आंकड़ों पर एक नजर डालते हैं।

कंगारू टीम को जीत के लिए 279 रन बनाने थे। एक समय टीम के 5 बल्लेबाज सिर्फ 80 रन पर पवेलियन लौट गए थे। यहां से केरी ने मिचेल मार्श (80) के साथ पारी को संभाला।उन्होंने 123 गेंद में 15 चौके की मदद से 98 रन बनाए। उनकी स्ट्राइक रेट 79.67 की रही।मार्श के साथ इस खिलाड़ी ने 174 गेंद में 140 रन की साझेदारी निभाई। इन्हीं 2 पारियों के कारण ऑस्ट्रेलिया को दूसरे मुकाबले में जीत मिली।न्यूजीलैंड के खिलाफ केरी का यह पहला अर्धशतक था। उन्होंने अब तक इस टीम के खिलाफ 2 टेस्ट मैच खेले हैं। इसकी 4 पारियों में उन्होंने 41.66 की औसत से 125 रन बनाए हैं।कीवी टीम के खिलाफ यह उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर भी है।केरी ने अपने टेस्ट करियर में सबसे ज्यादा रन इंग्लैंड क्रिकेट टीम (383) के खिलाफ बनाए हैं। उन्होंने अपना एकमात्र शतक दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम के खिलाफ लगाया है।केरी ने अपना पहला टेस्ट मैच साल 2021 में इंग्लैंड के खिलाफ खेला था। उन्होंने अब तक 32 टेस्ट मैच खेले हैं। इसकी 47 पारियों में उन्होंने 31.88 की औसत से 1,339 रन बनाए हैं।उनके बल्ले से 1 शतक और 8 अर्धशतक निकले हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 111 रन रहा है। वह अपने टेस्ट करियर में 5 बार नाबाद भी रहे हैं।पाकिस्तान क्रिकेट टीम के खिलाफ भी यह खिलाड़ी नर्वस नाइंटीज (93) का स्कोर बना चुका है।ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया था। न्यूजीलैंड की पहली पारी सिर्फ 162 रन पर खत्म हो गई थी।जोश हेजलवुड ने 5 विकेट झटके। जवाब में मैट हेनरी की शानदार गेंदबाजी (7 विकेट) के कारण ऑस्ट्रेलिया सिर्फ 256 रन बना पाई। इसके बाद कीवी टीम ने दूसरी पारी में 372 रन बना दिए।279 रन के लक्ष्य का पीछा करने में ऑस्ट्रेलिया को थोड़ी परेशानी हुई, लेकिन उन्होंने 7 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया।

## विदर्भ को सस्ते में समेटकर मुंबई ने दूसरी पारी में बनाई मजबूत बढ़त

मुंबई, एजेंसी। धवल कुलकर्णी, शम्स मुलानी और तनुष कोटियान के तीन–तीन विकेटों की बदौलत मुंबई ने विदर्भ को 105 रनों के मामूली स्कोर पर समेटने के बाद आज रणजी ट्राफी के फाइनल मुकाबले की दूसरी पारी में दिन का खेल समाप्त होने तक दो विकेट पर 141 के स्कोर के साथ 260 रनों की मजबूत बढ़त बना ली है। मुशीर खान नाबाद 51 रन और अजिंक्य रहाणे नाबाद 58 रन बनाकर क्रीज पर है। मुंबई की दूसरी पारी की शुरुआत खराब रही और उसने सातवें ओवर में पृथ्वी शॉ 11 रन का विकेट गंवा दिया। शॉ को ठाकुर ने बोल्ड आउट किया। भूपेन लालवानी भी 18 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। इसके बाद मुशीर खान और अजिंक्या रहाणे ने पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों ने तीसरे विकेट के लिए 107 रनों जोड़ लिए हैं। इसी के साथ टीम की बढ़त 260 रन की हो गई।




इससे पहले विदर्भ ने कल के 31 रन पर तीन विकेट से आगे खेलते हुए मात्र 74 रन जोड़कर अपने सात विकेट गंवा दिए। अर्थव तायडे 23 रन, आदित्य ठाकरे 19 रन, यश राठौर 27 रन और यश ठाकुर 16 रन बनाकर आउट हुए। इसके अलावा कोई भी बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा तक नहीं पहुंच सका। मुंबई की ओर से धवल कुलकर्णी, शम्स मुलानी और तनुष कोटियान ने तीन–तीन विकेट लिए। शार्दुल ठाकुर को एक विकेट मिला। विदर्भ की पहली पारी 45.5 ओवर में 105 रन पर सिमट गई।

विदर्भ ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। विदर्भ अपने कप्तान अक्षय वड़कर के फैसले को सही साबित करते हुए मुंबई को 64.3 ओवर में 224 रन पर ढ़ेर कर दिया। मुम्बई की शुरुआत अच्छी रही और सलामी बल्लेबाज पृथ्वी शॉ और भूपेन लालवानी की जोड़ी ने पहले विकेट के लिये 81 रन जोड़े। यश ठाकुर ने भूपेन को 37 रन पर आउट कर विदर्भ को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद हर्ष दुबे ने पृथ्वी शॉ को 46 रन पर बोल्ड ऑउट कर पवेलियन भेज दिया। शार्दुल ठाकुर ने मुम्बई के लिए 69 गेंदों में आठ चौके और तीन छक्कों की मदद से सर्वाधिक 75 रन बनाये। शम्स मुलानी 13 रन, तुषार देशपांडे 14 रन बनाकर आउट हुये। पांच बल्लेबाज दहाई अंक तक भी नहीं पहुंच सके और पूरी टीम 224 रन पर ऑल आउट हो गई।विदर्भ की ओर से हर्ष दुबे और यश ठाकुर ने तीन–तीन विकेट लिये। उमेश यादव को दो विकेट मिले। आदित्य ठाकरे ने एक बल्लेबाज को आउट किया। दिन का खेल समाप्त होने तक मुंबई ने दूसरी पारी में दो विकेट पर 141 रन बना लिए हैं। मुशीर खान नाबाद 51 रन और कप्तान अजिंक्य रहाणे नाबाद 58 रन बनाकर क्रीज डटे हुए हैं।

## हॉकी इंडिया ने की पुरुषों के राष्ट्रीय कैंप के लिए संभावित 28 नामों की घोषणा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** हॉकी इंडिया ने सोमवार को सीनियर पुरुष राष्ट्रीय कोचिंग कैंप के लिए 28 सदस्यीय कोर संभावित समूह की घोषणा की, जो 12 मार्च से 30 मार्च तक भुवनेश्वर के कलिंगा हॉकी स्टेडियम में आयोजित होगा।

भारतीय हॉकी टीम के लिए यह शिविर काफी महत्वपूर्ण है क्योंकि उनका लक्ष्य पेरिस 2024 ओलंपिक से पहले अपनी तैयारियों को मजबूत करना होगा।

टीम एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2023–24 में सफल प्रदर्शन के बाद शिविर में लौटी है, जहां वे भुवनेश्वर और राउरकेला में 8 मैचों में 15 अंक हासिल करने के बाद वर्तमान में तीसरे स्थान पर हैं।

1 जून को लंदन और फिर एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2023–24 के अंतिम चरण के लिए नीदरलैंड जाने से पहले, लीग 22 मई 2024 को एंटवर्प, बेल्जियम में फिर से शुरू होगी।

राष्ट्रीय कोचिंग शिविर में गोलकीपर कृष्ण बहादुर पाठक, पीआर श्रीजेश, सूरज करकेरा और डिफेंडर हरमनप्रीत सिंह, जरमनप्रीत सिंह, अमित रोहिदास, जुगराज सिंह, संजय, सुमित और अमीर अली शामिल हैं।



शिविर में बुलाए गए मिडफील्डरों में मनप्रीत सिंह, हार्दिक सिंह, विवेक सागर प्रसाद, रबीचंद्र सिंह, शमशेर सिंह, नीलकंठ शर्मा, राजकुमार पाल, विष्णुकांत सिंह शामिल हैं। जबकि फॉरवर्ड की सूची में आकाशदीप सिंह, मंदीप सिंह, ललित कुमार उपाध्याय, अभिषेक, दिलप्रीत सिंह, सुखजीत सिंह, गुरजंत सिंह, मोहम्मद राहिल मोहसिन, बॉबी सिंह धामी और अरिजीत सिंह हुंदल शामिल हैं।

भारत के मुख्य कोच क्रेग फुल्टन ने आगामी शिविर के महत्व पर कहा, हम इस शिविर में प्रशिक्षण का एक महत्वपूर्ण ब्लॉक शुरू करना चाहते हैं, और हमें यह सुनिश्चित करने की ज़रूरत है कि बड़े मैचों की श्रृंखला के लिए ऑस्ट्रेलिया जाने से पहले हम सर्वोत्तम स्थिति में हों।

शिविर के लिए चुने गए खिलाड़ी आगामी महत्वपूर्ण खेलों को खेलने के लिए दावेदार होंगे। इसलिए, हमने अनुभवी खिलाड़ियों के एक समूह के साथ–साथ कुछ युवाओं को भी चुना है जो प्रो लीग में भी खेले थे।

भारतीय पुरुष हॉकी टीम 28 सदस्यीय कोर ग्रुपः

गोलकीपरः कृष्ण बहादुर पाठक, पीआर श्रीजेश, सूरज करकेरा,

डिफेंडरः हरमनप्रीत सिंह, जरमनप्रीत सिंह, अमित रोहिदास, जुगराज सिंह, संजय, सुमित, आमिर अली

मिडफील्डरः मनप्रीत सिंह, हार्दिक सिंह, विवेक सागर प्रसाद, रबीचंद्र सिंह, मोइरंगथेम, शमशेर सिंह, नीलकंठ शर्मा, राजकुमार पाल, विष्णुकांत सिंह

फॉरवर्डः आकाशदीप सिंह, मनदीप सिंह, ललित कुमार उपाध्याय, अभिषेक, दिलप्रीत सिंह, सुखजीत सिंह, गुरजंत सिंह, मोहम्मद राहिल मोहसिन, बॉबी सिंह धामी, अरिजीत सिंह हुंदल

## मिचेल मार्श ने न्यूजीलैंड के खिलाफ जड़ा पहला टेस्ट अर्धशतक, पूरे किए 2,000 रन

**नईदिल्ली, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के ऑलराउंडर मिचेल मार्श ने सोमवार को न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के खिलाफ सीरीज के दूसरे टेस्ट में बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए अर्धशतक (80) जड़ा।यह उनके टेस्ट करियर का 9वां न्यूजीलैंड के खिलाफ पहला अर्धशतक रहा। इसके साथ ही उन्होंने टेस्ट क्रिकेट में अपने 2,000 रन भी पूरे कर लिए हैं।उनकी पारी की बदौलत कंगारू टीम ने 3 विकेट से जीत हासिल करते हुए सीरीज पर 2–0 से कब्जा जमा लिया।

कंगारू टीम को 279 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 80 रन पर 5 झटके लग गए थे।उसके बाद बल्लेबाजी पर मार्श ने दृढ़ता के साथ पारी को आगे बढ़ाया और एलेक्स कैरी (98*) के साथ छठे विकेट के लिए 140 रन की साझेदारी निभाई।

वह पारी में 102 गेंदों में 10 चौके और 1 छक्के की मदद से 80 रन बनाकर बेन सेयर्स का शिकार बने, लेकिन तब तक कंगारू टीम अच्छी स्थिति में पहुंच गई थी।

इस पारी में मार्श ने अपने नाम एक बड़ी उपलब्धि दर्ज करा ली। पारी का 70वां रन बनाते ही उनके टेस्ट क्रिकेट में अपने 2,000 रन पूरे कर लिए।उन्होंने 2014 में पाकिस्तान के खिलाफ अपना टेस्ट डेब्यू किया था। उसके बाद से वह 42 टेस्ट की 72 पारियों में 56.74 की औसत से 2,010 रन अपने नाम कर चुके हैं।

जयन्त

संस्थापक
नरेन्द्र उनियाल

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक और
सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
द्वारा जयन्त प्रकाशन डिग्री कॉलेज रोड़, जौनपुर कोटद्वार गढ़वाल (उत्तराखण्ड) से मुद्रित तथा जयन्त कार्यालय चन्द्रसिंह गढ़वाली मार्ग, गैरसैंण, जनपद चमोली उत्तराखण्ड से प्रकाशित
RNI No.UTTHIN/2005/16338